

- अमेरिका-ईरान वार्ता बहाली की उम्मीद से शेयर बाजार में तेजी सेंसेक्स 78 हजार के पार - 12



- अक्षय तृतीया से पहले चांदी में 11,800 रुपये का उछाल सोने की भी बढ़ी चमक - 12



- अमेरिकी रक्षामंत्री हेगसेथ के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव - 13



- कोलकाता नाइट राइडर्स जितनी बिखरी हुई कोई भी टीम नहीं - 14


आज का मौसम | 38.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 05.46 | सूर्यास्त 06.38

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 08:11 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 16 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 141, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## बिहार के 24वें मुख्यमंत्री



**पटना।** सम्राट चौधरी ने बुधवार को भाजपा के पहले और बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्हें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने लोकभवन के राजेंद्र मंडपम में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके अलावा जदयू के विजय चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

### मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्राट चौधरी को बधाई दी और कहा कि उनकी ऊर्जा, जनसेवा के प्रति समर्पण और जमीनी स्तर का अनुभव राज्य के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा।

### गृह समेत 26 विभाग संभालेंगे सम्राट

सम्राट चौधरी ने अपने पास गृह, सतर्कता, राजस्व एवं भूमि सुधार और स्वास्थ्य समेत करीब 26 विभाग रखे हैं। विजय कुमार चौधरी को 10 और बिजेंद्र प्रसाद यादव को आठ विभागों की जिम्मेदारी दी गई है।

## सीबीएसई : 10वीं के नतीजे घोषित, बेटियां इस बार भी आगे

- कुल 93.7 प्रतिशत छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण, इनमें लड़कियों का प्रतिशत 94.99 और लड़कों का 92.69
- 55,000 से अधिक छात्रों ने प्राप्त किए 95 प्रतिशत से अधिक अंक

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10 की पहली बोर्ड परीक्षा में 93.70 प्रतिशत से अधिक छात्र उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 55,000 से अधिक छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कुल 2.20 लाख से अधिक छात्रों ने 91 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। 1.47 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को 'कम्पार्टमेंट' श्रेणी में रखा गया है।

परीक्षा में एक बार फिर लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। इस बार 94.99 प्रतिशत छात्राएं परीक्षा में उत्तीर्ण हुई हैं। लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.69 रहा और उभयलिंगी अभ्यर्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 87.50 रहा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के अनुरूप, सीबीएसई ने कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा दो चरणों में आयोजित करना शुरू किया है। पहली परीक्षा फरवरी-मार्च में आयोजित की गई और दूसरी मई में निर्धारित है। छात्रों के लिए पहली परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य था। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, परंपरागत रूप से कक्षा 10वीं के परिणाम मई के मध्य में घोषित किए जाते हैं लेकिन इस वर्ष सीबीएसई ने रिकॉर्ड समय में लगभग 1.6 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया और परिणाम सामान्य से एक महीने पहले घोषित किया जा रहा है।



परिणाम घोषित होने के बाद बरेली के जीआरएम स्कूल में जश्न मनाते छात्र-छात्राएं। ● हरदीप सिंह टोनी

### केंद्रीय विद्यालय शानदार

केंद्रीय विद्यालयों का उत्तीर्ण प्रतिशत सर्वाधिक 99 .57 प्रतिशत दर्ज किया गया। नवोदय विद्यालय 99 .42 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। निजी स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 93 .77 प्रतिशत रहा, जबकि सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत सबसे कम 91 .01 प्रतिशत दर्ज किया गया। त्रिवेंद्रम और विजयवाड़ा क्षेत्रों ने 99 .79 प्रतिशत के साथ सर्वाधिक उत्तीर्ण प्रतिशत दर्ज किया, जबकि गुवाहाटी क्षेत्र का उत्तीर्ण प्रतिशत सबसे कम 85 .32 प्रतिशत रहा। दिल्ली का उत्तीर्ण प्रतिशत 97 .38 प्रतिशत दर्ज किया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से झटका, अंतरिम जमानत पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत देने के तेलंगाना हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी रिंकी भुइयां की शिकायत से संबंधित है। खेड़ा ने रिंकी पर गंभीर आरोप लगाए थे। असम पुलिस की ओर से दायर अपील में कहा गया था कि तेलंगाना हाईकोर्ट के पास इस मामले में सुनवाई का क्षेत्राधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अतुल एस चांदुरकर की पीठ ने स्पष्ट किया कि खेड़ा असम की उचित अदालत से राहत मांगने के लिए स्वतंत्र हैं।

### जनगणना : आठ राज्यों केंद्रशासित क्षेत्रों में आज से मकान सूचीकरण

**नई दिल्ली।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य गुरुवार को आठ राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में शुरू होगा। गृह मंत्रालय के अनुसार अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा और सिक्किम के साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एवं दिल्ली छावनी बोर्ड क्षेत्र में एचएलओ अभियान कल शुरू होने जा रहा है। इन क्षेत्रों में 15 दिन स्वगणना की अवधि के बाद मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना प्रारंभ की जा रही है जो 15 मई को पूरी होगी।

# परिसीमन के मुद्दे पर विपक्ष ने कसी कमर संसद के विशेष सत्र में घमासान के आसार

## इंडिया गठबंधन की बैठक में विपक्ष का महिला आरक्षण के समर्थन और परिसीमन पर विरोध का फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

महिला आरक्षण के लिए लोकसभा के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को शुरू होने जा रहे संसद के विशेष सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बड़ा घमासान होने के मैदान तैयार हो गया है। बुधवार को कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के दलों ने इस मुद्दे पर संयुक्त बैठक की और आरोप लगाया कि महिला आरक्षण को हथियार बनाकर सरकार परिसीमन की मंशा पूरी करना चाहती है जो लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक साबित होगा। विपक्ष ने एलान किया कि वह महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के समर्थन में है लेकिन परिसीमन के प्रावधानों का पुरजोर विरोध करेगा।

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई विपक्षी दलों की बैठक में नारीशक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन और परिसीमन संबंधी विधेयक पर विस्तार से चर्चा के बाद सर्वसम्मति से फैसला किया गया कि वे सभी परिसीमन के प्रावधानों के खिलाफ एकजुट होकर वोट करेंगे। बैठक के बाद खरगे ने कहा, हम सभी महिला आरक्षण विधेयक के पक्ष में हैं। हालांकि जिस तरह से इसे लाया गया है, वह संदिग्ध है और हमें इस पर गंभीर आपत्ति है। यह राजनीति से प्रेरित है। मोदी सरकार विपक्षी दलों को निशाना बनाने और दबाने के लिए इस तरह से काम कर रही है।

उन्होंने कहा, हमने महिला आरक्षण विधेयक का लगातार समर्थन किया है और इस बात पर जोर दिया है कि इसे पहले पारित संशोधन के आधार पर लागू किया जाना चाहिए। खरगे ने आरोप लगाया कि परिसीमन पर सरकार गलत मंशा के साथ कदम बढ़ा रही है। इसलिए सभी विपक्षी दल एकजुट होकर संसद में संघर्ष करने जा रहे हैं।



### भाजपा ने बनाई मानव शृंखला, रैली निकाली

**नई दिल्ली।** भाजपा और भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधनों के समर्थन में बुधवार को कनॉट प्लेस में महिला बाइक रैली निकाली और मानव शृंखला बनाई। देश के कई और राज्यों में महिला आरक्षण के समर्थन में भाजपा की ओर से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### लोकसभा में चाहिए दो-तिहाई बहुमत, राजग के पास नहीं

संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए सदन में मौजूद सदस्यों की संख्या के दो तिहाई के समर्थन की जरूरत होती है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास लोकसभा में फिलहाल यह आकड़ा उपलब्ध नहीं है।

### ओबीसी का हिस्सा चोरी करना चाहते हैं मोदी : राहुल



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला आरक्षण के नाम पर ओबीसी का हिस्सा चोरी करना चाहते हैं, जो राष्ट्र विरोधी गतिविधि है। राहुल ने बुधवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि अगर सरकार महिला आरक्षण लागू करना चाहती है तो वह वर्तमान नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू कर सकती है। परिसीमन भी नई जनगणना के आधार पर होना चाहिए, क्योंकि उसमें ओबीसी की आबादी का आंकड़ा होगा। राहुल ने कहा कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण का पूरी तरह समर्थन करती है, लेकिन सरकार इसके नाम पर कुछ और करना चाहती है। यह अब तक की बहुत बड़ी बेईमानी होगी।

### प्रतिभा पाटिल, मीरा कुमार, मायावती का समर्थन

पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार और बसपा की प्रमुख मायावती ने महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन की पहल का स्वागत किया है। पाटिल ने मोदी को लिखे पत्र में कहा कि ऐतिहासिक संवैधानिक संशोधन कानून औपचारिक रूप से महिलाओं की अपार क्षमता को पहचान देगा। मीरा कुमार और मायावती ने कहा कि भले ही लंबा इंतजार रहा हो, लेकिन देश के विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का कार्यान्वयन लंबे संघर्ष के बाद एक सुखद अंत होगा।

# चलती ट्रेन में गोलीबारी सात लाख रुपये लूटे

संवाददाता बिलासपुर/रुद्रपुर

- काठगोदाम-दिल्ली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में बिलासपुर में हुई वारदात
- आरपीएफ व जीआरपी उत्तराखंड यूपी की टीमों ने की संयुक्त कांबिंग

**अमृत विचार :** हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने बुधवार दिनदहाड़े संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में सात लाख रुपए लूटकर यूपी-उत्तराखंड पुलिस को बड़ी चुनौती दे डाली। बदमाशों ने दिल्ली जा रहे रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड) के ऑटो पार्ट्स कारोबारी के दो कर्मियों को बिलासपुर में निशाना बना डाला। लूटपाट कर बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गए।

सिंह कॉलोनी, रुद्रपुर निवासी जपनीत ऑटो स्पेयर पार्ट्स के स्वामी मंजीत सिंह गगनेजा के दो कर्मचारी रितिक मंडल और साहब सिंह सुबह करीब दस बजे सात लाख रुपये लेकर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहे थे। ट्रेन जब बिलासपुर क्षेत्र में पहुंची तो बिलासपुर रेलवे स्टेशन से करीब एक किमी पहले तीन बदमाशों ने गन प्वाइंट पर दोनों कर्मचारियों से चलती ट्रेन में ही सात लाख रुपये लूट लिए। स्टेशन से पहले तीव्र मोड़ के चलते जैसे ही ट्रेन की रफ्तार धीमी हुई तो बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए ट्रेन से कूदकर फरार हो गए।

पीड़ित कर्मियों की सूचना पर मंजीत सिंह के साथ रुद्रपुर से व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारी बिलासपुर जीआरपी चौकी पहुंचे और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। उधर, रेलवे और सिविल पुलिस के अधिकारियों ने पीड़ितों से पूछताछ के बाद बदमाशों की तलाश में संयुक्त कांबिंग अभियान चलाया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। जीआरपी चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि अभियोग दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है।



घटना के बारे में बताते मंजीत सिंह।

# पंतनगर-नौकुचियाताल हेलीकॉप्टर सेवा शुरू



हेलीकॉप्टर को रवाना करते विधायक, डीएम और एयरपोर्ट अधिकारी।

संवाददाता, रुद्रपुर

- देहरादून, अल्मोड़ा, नैनीताल पंतनगर रहेगा हवाई रूट

**अमृत विचार:** उड़ान योजना में पवन हंस कंपनी द्वारा पंतनगर एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू कर दी गई। विधायक शिव अरोरा और जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बुधवार को पंतनगर एयरपोर्ट से नौकुचियाताल के लिए इसका शुभारंभ किया। हेलीकाप्टर में दो कैप्टन और पांच यात्री सवार रहे।

विधायक अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में देहरादून, अल्मोड़ा, नैनीताल, पंतनगर के लिए प्रारंभ इस हेली सेवा से पर्वतीय क्षेत्र, नेपाल और उत्तराखंड की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। यह पहल आम नागरिकों के लिए सुलभ, किफायती व विश्वसनीय हवाई परिवहन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि, हेली सेवा से सुविधा मिलने के साथ समय की भी बचत होगी। पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के बाद यह एयरपोर्ट जेवर और इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट दिल्ली से जुड़ जाएगा।

इस अवसर पर निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट पवन कुमार, अनुप गुप्ता, सीएसओ राजकुमार, पवन हंस कंपनी के मैनेजर डीपी आर्या, विनोद तिवारी, अजय कमल, स्टेशन मैनेजर आलिया हैदर, स्टेशन इंचार्ज हर्ष रंजन मौजूद रहे।

## राज्यसभा में उपनेता बने आप सांसद मित्तल के ठिकानों पर ईडी के छापे

- फेमा की जांच के तहत आवासीय और व्यावसायिक परिसरों की ली तलाशी

**जालंधर/नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को फेमा की जांच के तहत पंजाब और हरियाणा में आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल से जुड़े व्यावसायिक और आवासीय परिसरों की तलाशी ली। मित्तल को हाल ही में राघव चड्ढा की जगह राज्यसभा में आप का उपनेता नियुक्त किया गया है।

जालंधर और गुरुग्राम में 10 स्थानों पर तलाशी ली गई। ईडी अधिकारियों के मुताबिक इसमें फगवाड़ा की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और गुरुग्राम का टेट्र कॉलेज ऑफ बिजनेस और मास्टर्स यूनियन कॉलेज ऑफ बिजनेस नामक दो संबद्ध संस्थान शामिल हैं। अरविंद केजरीवाल ने छापों के बाद कहा कि भाजपा ने पंजाब में विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है।

## देश में अब नक्सल हिंसा प्रभावित कोई जिला नहीं: गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केंद्र ने राज्य सरकारों को सूचित किया है कि भारत में वामपंथी उग्रवाद के पांच दशक से अधिक समय के बाद देश में अब कोई भी नक्सली हिंसा प्रभावित जिला नहीं है।

यह घोषणा गृह मंत्रालय ने इस महीने के शुरू में उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा के बाद की जो वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए 2015 में तैयार राष्ट्रीय नीति के तहत की गई थी। गृह मंत्रालय ने आठ अप्रैल को नौ राज्यों को जारी आधिकारिक संचार में कहा कि 31 मार्च के बाद हुई सुरक्षा समीक्षा से स्थापित हुआ है कि देश का कोई जिला वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित श्रेणी में नहीं आता है।

# लखीमपुर बवाल : दो एफआईआर, 74 नामजद, 19 गिरफ्तार

संवाददाता, बांकेगंज (लखीमपुर खीरी)

- पीड़ित महिला और पुलिस की ओर से दर्ज केस में 400 अज्ञात का जिक्र
- बिना अनुमति रखी गई डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा हटाने पर हुआ था विवाद

**अमृत विचार:** बांकेगंज क्षेत्र के गांव मोतीपुर में मंगलवार को आंबेडकर प्रतिमा की स्थापना को लेकर हुए बवाल के बाद पुलिस ने उपद्रवियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित महिला की तरफ से ग्राम प्रधान समेत आठ नामजद, 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है जबकि पुलिस की ओर से दर्ज दूसरी एफआईआर में 74 नामजद और 200 अज्ञात लोग शामिल हैं। पुलिस ने 19 लोगों को गिरफ्तार किया है।

घटना के बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात है और लगातार गश्त की जा रही है। पुलिस की सख्ती के चलते लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं और पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव म्यूकपुर निवासी पीड़ित चंदा देवी के मुताबिक मंगलवार की शाम 6:30 बजे उसकी मोतीपुर निवासी भतीजी सुनीता देवी ने उन्हें सूचना दी थी कि ग्राम प्रधान वीरेंद्र काशीराम, उनके मुंशी, जैपाल, वीरपाल, रामधानी, अवधेश, कौशल, गुडिया और करीब दो सौ अन्य लोग उसकी जमीन पर अवैध तरीके से आंबेडकर प्रतिमा रखने की कोशिश कर रहे हैं और विरोध करने पर उसे बुरी तरह पीटा है। उन्होंने मोतीपुर पहुंचकर विरोध किया तो हमलावरों ने उन्हें भी पीटना शुरू कर दिया। बाल पकड़कर सड़क पर घसीटा और फिर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश की, इस बीच वह बेहोश हो गईं।

> घटना के वीडियो फुटेज और पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस की ओर से भी केस दर्ज हुआ है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और उनकी पहचान करने की प्रक्रिया जारी है। -डॉ. ख्याति गर्ग एसपी

मंगलवार शाम उपद्रवियों ने कई वाहनों में तोड़फोड़ करने के साथ एक निजी वाहन को नहर में फेंक दिया था। देर रात जेसीबी से नहर में फेंकी गई गाड़ी को बाहर निकाला गया। पुलिस अब वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहचान कर रही है। संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित कर दबिश दी जा रही है। सुबह सफाई कर्मियों को बुलाकर सड़कों पर बिखरे शीशे और ईंट-पत्थरों को हटवाया गया।

**सख्त तेवर** | नोएडा बवाल के बीच मुख्यमंत्री का संदेश, औद्योगिक इकाइयों में अनुशासन से समझौता नहीं

# औद्योगिक इकाइयों में बाहरी तत्वों का दखल बर्दाश्त नहीं : योगी

- टाटा मोटर्स प्लांट में दिया कार्य संस्कृति का संदेश, 10 लाखवीं गाड़ी को किया फ्लैग ऑफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नोएडा में हुए बवाल के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा संदेश देते हुए साफ कहा कि किसी भी स्थिति में बाहरी तत्वों को औद्योगिक इकाइयों या संस्थानों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन की मजबूती के लिए टीमवर्क, ईमानदारी और कृतज्ञता सबसे अहम हैं।

टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट से बुधवार को 10 लाखवीं गाड़ी को फ्लैग ऑफ करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने अप्रत्यक्ष रूप से नोएडा की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि बिगाड़ने वाले बहुत मिलते हैं, लेकिन बनाने वाले बहुत कम होते हैं। उन्होंने श्रमिकों और कर्मचारियों से अपील की कि वे ऐसे तत्वों से सतर्क रहें, जो संगठन की एकता और औद्योगिक शांति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं। योगी ने कहा कि किसी भी संस्था की सफलता का आधार टीमवर्क, ईमानदारी और कृतज्ञता है। हर कर्मचारी को अपने संस्थान को परिवार की तरह समझना चाहिए और उसकी प्रतिष्ठा व विश्वास को बनाए रखना चाहिए।



टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट में 10 लाखवीं गाड़ी को फ्लैग ऑफ करने के बाद बस में बैठे मुख्यमंत्री योगी।

### मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा यूपी

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा मोटर्स का 10 लाखवीं गाड़ी का उत्पादन केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की औद्योगिक प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक उड़ान का लॉन्च पैड बताते हुए कहा कि प्रदेश तेजी से ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश अनुकूल माहौल के कारण आज उत्तर प्रदेश उद्योगों के लिए आकर्षक गंतव्य बन चुका है।

### योगी ने की बस की सवारी

फ्लैग ऑफ के बाद मुख्यमंत्री ने बुधवार को लांच की गई टाटा मोटर्स की बस में सवारी भी की। उन्होंने पूरे प्लांट का अवलोकन किया और प्रोडक्शन में उपयोग में लाई जा रही विभिन्न तकनीकों को जाना। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, एमडी एवं सीईओ गिरीश वाघ, वाइस प्रेसिडेंट ऑपरेशंस टाटा मोटर्स विशाल बादशाह उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### संदिग्ध हालात में वृद्ध की मौत

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक वृद्ध की मौत हो गई। बताते हैं कि पीलीभीत-शाहजहांपुर रेलखंड पर भोपतपुर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार दोपहर ढाई बजे ट्रेन निकलने के बाद रेलवे क्रासिंग खोली गई। इस बीच कुछ ही दूरी पर पटरी किनारे 65 वर्षीय वृद्ध बेसुध पड़ा था। कुछही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। उसे आनन-फानन में सीएचसी भेजा गया, वहां मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ऑटो चालक से मारपीट, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** ऑटो चालक से मारपीट मामले में सुनगढ़ी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम कैंचूटांडा निवासी अरवाज ने सुनगढ़ी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 अप्रैल की दोपहर 12 बजे वह अपने ऑटो से शहर के नौगवां चौराहा पर सवारियां उतार रहे थे। गांव का विक्की उसके पास आया और गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। भीड़ जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### दहेज उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज

**न्यूरिया, अमृत विचार :** थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम आराजी बौरख निवासी सुखजिंदर कौर ने न्यूरिया थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब पांच साल पूर्व उत्तराखंड के जिला ऊधमसिंह नगर के खटीमा क्षेत्र के दरोगा फार्म सरपुडा निवासी सुखजिंदर सिंह पुत्र दिलबाग सिंह से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से पति आए दिन मारपीट करने लगा। 11 अप्रैल को पति और ससुर दिलबाग सिंह ने पीटा। 12 अप्रैल को सुबह के समय आरोपी पति और ससुर अन्य लोगों के साथ डंडे और धारदार हथियार लेकर मायके पहुंचे और दोबारा मारपीट की। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### भाभी से छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एक देवर पर भाभी से छेड़छाड़ और मारपीट करने का आरोप लगा है। क्षेत्र की एक व्यक्ति ने सुनगढ़ी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका छोटा भाई काफी समय से उनकी पत्नी पर गलत नजर रखता है। पहले भी वह कई बार पत्नी से छेड़छाड़ और मारपीट कर चुका है। कई बार समझाने का प्रयास किया और लेकिन नहीं माना। बुधवार रात भी आरोपी ने घर में खाना बना रही पत्नी से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर पिटाई कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिले में डिजिटल होगी जनगणना स्मार्टफोन से जुटाएंगे डेटा

## पांच तहसीलों के 18 प्रशिक्षण केंद्रों पर 102 बैच का चरणबद्ध प्रशिक्षण शुरू

- **4804 प्रगणक व सुपरवाइजरों को किया जाएगा प्रशिक्षित**

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** जनपद में जनगणना-2027 को लेकर कवायद तेज हो गई है। जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी, जिसमें प्रगणक अपने स्मार्टफोन के जरिए डेटा जुटाएंगे। इधर बुधवार को डीएम ने सदर तहसील सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। बता दें कि जनपद में 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चरणबद्ध ढंग से चलने वाले इस प्रशिक्षण में 4804 प्रगणक और सुपरवाइजरों को मास्टर ट्रेनर बारीकियां सिखाएंगे।

जनगणना निदेशालय के निर्देशानुसार जनगणना-2027 को लेकर जनपद को 15 चार्ज में बांटा गया है। एडीएम वित्त/जिला जनगणना अधिकारी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि इसमें पांच तहसीलें ग्रामीण क्षेत्र और 10 नगरीय निकाय, जिसमें 03 नगर पालिका एवं 07 नगर पंचायत शामिल हैं, शहरी चार्ज बनाए गए हैं। जनगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए सीएमएसएस पोर्टल पर 4116 प्रगणकों और 688 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें 10 प्रतिशत कर्मचारी रिजर्व रखे गए हैं।



सदर तहसील में जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।

**डीएम ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आरंभ :** डीएम/प्रमुख जनगणना अधिकारी ने बुधवार को तहसील सदर सभागार में प्रगणकों व सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान एडीएम वित्त/जिला जनगणना अधिकारी प्रसून द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी/अपर जिला जनगणना अधिकारी अर्चना सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मेराज हुसैन, एसडीएम न्यायिक पवन कुमार, एसडीएमसदर/चार्ज अधिकारी पीलीभीत श्रद्धा सिंह, डीपीआरओ रोहित भारती सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।



प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों व सुपरवाइजरों को जानकारी देते एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी।

### जनपद में 18 केंद्रों पर चलेंगे 102 बैच

प्रशिक्षण के लिए जनपद की सभी पांचों तहसीलों में 18 प्रशिक्षण केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी प्रशिक्षण केंद्रों पर 102 बैचों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक केंद्र पर 40-50 प्रगणकों को 03 :03 दिवसों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके तहत पीलीभीत सदर में 05 प्रशिक्षण केंद्रों पर सर्वाधिक 27 बैचों में 1252 प्रगणक व सुपरवाइजरों को 30 अप्रैल तक प्रशिक्षित किया जाएगा। बीसलपुर में तीन प्रशिक्षण केंद्रों पर 30 बैचों में 1460 प्रगणक व सुपरवाइजरों को 15 अप्रैल से 24 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। पूरनपुर में 06 प्रशिक्षण केंद्रों पर 19 बैचों में 911 प्रगणक व सुपरवाइजरों को 25 अप्रैल तक प्रशिक्षित किया जाना है। अमरिया में 01 प्रशिक्षण केंद्र पर 14 बैचों में 696 प्रगणक और कलीनगर में तीन प्रशिक्षण केंद्रों पर 12 बैचों में 485 प्रगणक व सुपरवाइजरों को 25 अप्रैल तक प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे पूर्व 72 फील्ड ट्रेनरों को लखनऊ के मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जो अब धरातल पर प्रगणकों और सुपरवाइजरों को तैयार करेंगे।

## नारी सशक्तिकरण से ही राष्ट्र निर्माण

**पीलीभीत, अमृत विचार:** डिवाइन कॉलेज में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में जनजागरूकता बढ़ाने और महिलाओं, बालिकाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से नारी शक्ति दीवार एवं हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया।

छात्राओं ने नारी शक्ति दीवार पर स्वतंत्र रूप से अपने विचार लिखकर हस्ताक्षर किए। अधिनियम के समर्थन में नारी का सम्मान, देश का अभिमान, सशक्त नारी, सशक्त भारत, बेटी, बहू, मां का सम्मान यही है देश की असली पहचान, नारी अबला नहीं, सबला है, नारी सशक्तिकरण से ही राष्ट्र निर्माण, पढ़ें बेटियां-बढ़ें बेटियां, नारी शक्ति वंदन अधिनियम-समान अधिकार की ओर एक कदम आदि विचार लिख हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार जायसवाल ने अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया। निदेशिका चारू धवन, स्कूल चेयरमैन आरके धवन ने विद्यार्थियों विशेषकर छात्राओं के सशक्तिकरण व महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 का समर्थन किया और अभियान की सराहना की।

## अतिक्रमण हटाने की भनक पर समेटा सामान



मार्ग पर भ्रमण करते एसडीएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बीसलपुर**

- **एसडीएम पुलिस बल के साथ पहुंचे थे, दोबारा फिर सजी दुकान**

**अमृत विचार:** तहसील चौराहे से ईदगाह तक एसडीएम की अगुवाई में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर पालिका की टीम भी पुलिस बल के साथ रही। अभियान की भनक पर दुकानदारों ने फुटपाथ पर सजा सामान हटा लिया। हालांकि बाद में फिर अतिक्रमण दिखाई देने लगा।

बता दें कि लंबे समय से नगर पालिका चौराहे से लेकर तहसील गेट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होकर ईदगाह जाने वाले रास्ते के दोनों ओर दुकानदारों के द्वारा मार्ग पर सामान रखकर अतिक्रमण किया जाता है। इतना ही नहीं तहसील के पीछे वाले मार्ग पर फुटपाथ के अलावा आधा मार्ग घेरकर अतिक्रमणकारियों ने जूते चप्पल, कपड़े दुकान लगा रखी है। जिसके चलते दिन में कई बार जाम लग जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास फल के ठेलों के खड़े होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जाने वाली एंबुलेंस भी जाम में फंसती है। बीते दिनों एसडीएम नागेंद्र पांडे से शिकायत की गई थी। इस पर बुधवार को आक्रमण हटाने की घोषणा की गई। दोपहर एक बजे एसडीएम नागेंद्र पांडे, इंस्पेक्टर क्राइम राजेश सिंह पुलिस बल और नगर पालिका टीम के साथ पहुंचे। अभियान की भनक पर पहले ही दुकानदारों ने अतिक्रमण समेट लिया। सामान हटाकर दुकान के अंदर कर लिया। भ्रमण कर टीम चली गई। इसके बाद दुकानदारों में पुनः अपना सामान सड़क पर रखकर अतिक्रमण कर लिया। समस्या जस की तस बनी रही।

## किसान नेता ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, बीसलपुर**

**अमृत विचार:** क्रांतिकारी विचार मंच के प्रांतीय संरक्षक एवं किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद से दिल्ली में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान खुदागंज हाईवे पर निर्माणाधीन घुंडीघाट पुल का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करवाने का आग्रह किया।

ज्ञापन में बताया कि बीसलपुर खुदागंज के बीच देवहा नदी के घुंडीघाट पर पुल एवं सड़क का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अंतिम चरण में एप्रोच बनने का कार्य चल रहा है। मानसून से पूर्व ही इस कार्य को करवाने का आग्रह किया। पुल न बनने से क्षेत्र क दर्जनों गांवों के लोगों के लिए खुदागंज कटरा आने जानें में बहुत परेशानी हो रही है। यह सड़क बीसलपुर से खुदागंज कटरा जलालाबाद फर्रुखाबाद होते हुए मध्य प्रदेश के भिंड तक सीधा अंतरराजीय हाईवे है। मार्ग बीसलपुर से पीलीभीत होते हुए टनकपुर लिपुलेक तक जाता है। पुल के सुचारू हो जाने से क्षेत्र के लोगों का आवागमन सुगम हो सकेगा।



केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को ज्ञापन देते देवस्वरूप पटेल। ● अमृत विचार

## डीएम बोले, इस बार जिले में सहजन के पौधे अधिक लगाएं

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- **नदियों में मटन-चिकन का मलबा बहाने वालों पर कार्रवाई के निर्देश**
- **जिला गंगा, पौधरोपण एवं पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न**

**अमृत विचार:** जनपद को पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के मामले में मॉडल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने रणनीति तैयार कर ली है। डीएम की अध्यक्षता में बुधवार को जिला गंगा, जिला वृक्षारोपण एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक हुई। इस दौरान डीएम ने कहा कि इस बार जनपद की पहचान मोरिंगा जनपद के रूप में स्थापित की जाएगी।

गांधी सभागार में बुधवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें वन एवं वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय निदेशक भरत कुमार डीके ने बताया कि जनपद को लगभग 40 लाख पौधरोपण का लक्ष्य मिला है। इसकी तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं और विभाग की नर्सरियों में उच्चाधिकारियों की निगरानी में पौध तैयार की जा रही है। इस दौरान डीएम ने कहा कि इस बार मोरिंगा (सहजन) के पौधों पर विशेष जोर दिया जाए, ताकि जनपद में मोरिंगा वन विकसित हो सकें और जनपद मोरिंगा जनपद के रूप में स्थापित हो सके। बैठक में जिला गंगा कार्ययोजना बनाये जाने पर भी विस्तृत चर्चा की गई।



गांधी सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

डीएम ने जल्द एक बैठक और बुलाकर विभागों में समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय में जिला गंगा कार्ययोजना बनाये जाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका परिषद पीलीभीत के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि शहर की सड़कों पर एक भी आवारा पशु नजर नहीं आना चाहिए। उन्होंने नालों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाने और सभी नालों को स्लैब डालकर ढकने के निर्देश दिए।

नदियों के प्रदूषण को लेकर डीएम ने कहा कि चिकन और मटन की दुकानों का कचरा किसी भी हाल में नदियों में न जाए। ईओ को निर्देश दिए गए कि वे ऐसे दुकानदारों का चालान करें और अगली बैठक में इसकी प्रगति रिपोर्ट पेश करें।

बैठक में डीएम ने आवास विकास कॉलोनी निवासी अंकित अवस्थी को जिला गंगा समिति और राम बिहार कॉलोनी निवासी विकास दीक्षित को जिला पर्यावरण समिति में नामित सदस्य के रूप में मनोनीत किया। बैठक में सीएमओ आलोक शर्मा, एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी, एडीएम न्यायिक रोशनी यादव, सहायक आयुक्त सहकारिता डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, टीएच खान, अभिषेक अग्रवाल, शिवम कश्यप, प्रदूषण बोर्ड के अंकित कुमार, डीपीएम अंशुल गुप्ता और जिला परियोजना अधिकारी सौरभ प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## जिले के मेधावियों ने राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया




कार्यक्रम में शामिल हुए पीलीभीत के मेधावी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय) द्वारा आयोजित माई भारत बजट क्वेस्ट 2026 में जिले के युवाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। जिले के अर्पित सिंह ,रिधिमा अग्रवाल, सिद्धि सिंह देशवर, पवन कुमार, मोहम्मद इंजमाम, पार्थ अग्रवाल, प्रशांत कुमार, मोहित कुमार ने तीनों चरणों (क्विज़, निबंध एवं अंतिम चरण) को सफलतापूर्वक पार करते हुए योग्यता का प्रदर्शन किया। उन्हें 12 व 13 अप्रैल को आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ वर्चुअल संवाद का विशेष अवसर प्राप्त हुआ, जिसमें उन्होंने विचार साझा किए।

कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में संपन्न हुआ। 12 अप्रैल को नारी शक्ति यूथ पार्लियामेंट आयोजित की गई, जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं की 33 फीसदी भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

तेरह अप्रैल के कार्यक्रम में चर्चाओं के प्रमुख विषय ह्यूमन कैपिटल (शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार में निवेश) और वूमेन-लेड एंड इन्क्लूसिव डेवलपमेंट रहे। समापन पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया और प्रधानमंत्री का प्रेरणादायक संदेश प्रस्तुत किया गया।

### ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के आरुष भारती रहे टॉपर, शत प्रतिशत रहा रिजल्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में भी 10वीं का रिजल्ट आने के बाद छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा और प्रधानाचार्य पूजा छाबड़ा ने छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। 95 .60 फीसदी अंक के साथ आरुष भारती कॉलेज टॉपर बने। इसके अलावा दूसरे स्थान पर 93 .60 फीसदी अंक पाकर अभिनव शर्मा, 93 .20 फीसदी अंक पाकर आयुष शर्मा तीसरे स्थान पर रहे। जबकि चौथे स्थान पर 92 .40 फीसदी अंक पाकर मन्नया पांडेय व मोहम्मद उजैर रहे। 91 .60 अंक के साथ आस्था राजपूत, 91 .40 अंक पाकर अर्चित गंगवार, 91 .20 रुवेंद्र सिंह, 90 .40 वंशिका सिंह, 90 .20 अंक जमान क्रमश पांचवे, छठे, सातवें, आठवे व नवें स्थान पर रहे।

## 10वीं में कैम स्कॉलर की छात्रा धनिष्ठा रही जिला टॉपर, मिले 98.6 अंक

**सीबीएसई बोर्ड रिजल्ट**

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से बुधवार शाम को 10वीं का परीक्षाफल घोषित किया गया। परीक्षा फल आते ही छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बोर्ड की ओर से अचानक 10वीं के रिजल्ट घोषित करने का नोटिफिकेशन जारी किया गया। जिसके बाद स्कूल प्रबंधन रिजल्ट को लेकर तैयारियों में जुट गया। देर शाम तक बीसलपुर के कैम स्कॉलर की छात्रा व विधायक विवेक वर्मा की बेटी धनिष्ठा वर्मा ने 98.6 फीसदी अंक हासिल करते हुए जिला टॉपर बनी। जबकि दूसरे स्थान बेनहर पब्लिक स्कूल के तनुष राय ने 97.80 फीसदी अंक हासिल किए। तीसरे स्थान पर बेनहर कॉलेज की ही मयूरा ने 97.40 अंक प्राप्त किए।

जिले में इस बार लिटिल एंजिल्स स्कूल, सेंट एलायसिस कॉलेज, बनेहर कॉलेज, लायंस बाल विद्या मंदिर कॉलेज, सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज, स्वामी एजुकेशनल कॉलेज, अकाल अकादमी और बीसलपुर कैम स्कॉलर स्कूल समेत 32 कॉलेजों के 10वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 2539 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। सिटी कॉर्डिनेटर एन सी पाठक ने अनुसार जिले में 2539 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें 2517 उपस्थित रहे। जबकि 22 अनुपस्थित रहे। यह परीक्षा जिले के सात केंद्रों पर कराई गई थी। परीक्षा संपन्न होने के बाद परीक्षार्थियों को बेसब्री से रिजल्ट का इंतजार था,जोकि बुधवार शाम पांच बजे खत्म हो गया। बोर्ड की बेवसाइट पर दोपहर दो बजे के आसपास नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया। जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने रिजल्ट को लेकर बच्चों समेत शिक्षकों को स्कूलों मे बुलाना शुरु कर दिया। रिजल्ट आते ही शिक्षक और कॉलेज प्रशासन की पूरी टीम रिजल्ट निकालने में जुट गई। बेवसाइट पर एक साथ जुटे होने की वजह से धीमी चलती रही। जिस वजह से कॉलेज प्रबंधन देर शाम तक जुटे रहे। करीब आठ बजे के बाद तक मुख्य रुप से कैम स्कॉलर की छात्रा धनिष्ठा वर्मा ने 98.6 अंक हासिल कर जिला टॉप किया है। धनिष्ठा वर्मा बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा की सपुत्री है। बेटी की इस कामयाबी पर परिवार में खुशी का मौहाल है। परिवार वालों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। इसके अलावा बेनहर कॉलेज के तनुष राय ने 97.80 फीसदी अंक हासिल किए। जबकि इसी कॉलेज ही मयूरा ने 97.40 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। रिजल्ट लेने के बाद मेधावी छात्र-छात्राओं के परिवार वालों ने भी उनका स्वागत किया।

**शत प्रतिशत रहा बेनहर कॉलेज का रिजल्ट, तनुष बने स्कूल टॉपर :** इस बार सीबीएसई बोर्ड में बेनहर कॉलेज का 10वीं रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इस बार कॉलेज में 10वीं कक्षा में 268 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। जोकि सभी पास हुए। कोई भी छात्र-छात्रा फेल नहीं हुआ। रिजल्ट आते ही स्कूल प्रबंधन के गुरदित्त सैहमी, करिश्मा सैहमी समेत अन्य लोग रिजल्ट निकलने में जुटे रहे। जिसके बाद स्कूल पहुंचे छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी गई। इस दौरान कई अभिभावक भी मिठाई लेकर स्कूल पहुंचे और शिक्षकों को खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। बेनहर पब्लिक स्कूल में 97.80 फीसदी अंक पाकर तनुष राय स्कूल टॉपर रहे।जबकि मयूरा दूसरे और केशव गंगवार और शिफा नूर 97.20 अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा बेनहर गुरुकुल में भी 59 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। जिसमें कोई भी फेल नहीं हुआ। इस स्कूल में टॉपर के रुप में सनोबर प्रीत कौर ने 97.0 फीसदी अकं पाकर टॉप किया। स्कूल प्रबंधन ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।




ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में खुशी मनाते विद्यार्थी। ● अमृत विचार



बेनहर कॉलेज में रिजल्ट आने के बाद खुशी जताते छात्र। ● अमृत विचार



स्प्रिंगडेल कॉलेज में खुशी का इजहार करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### लिटिल एंजेल्स के टॉपर रहे कार्तिक शर्मा



कार्तिक शर्मा।

**पीलीभीत, अमृत विचार :** लिटिल एंजेल्स स्कूल में कक्षा 10 का रिजल्ट आते ही हर्ष का माहौल रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य एनसी पाठक ने बताया इस वर्ष कक्षा 10 के 141 बच्चों ने परीक्षा दी थी, सभी बच्चे उत्तीर्ण हुए। कार्तिक शर्मा ने 96 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शौर्य पांडे ने 96 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय , श्लोक सिंघल, अदिति अग्रवाल, एवलिन और अक्षत ने 95 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। उज्जवल भगवानी नें 95 प्रतिशत के साथ चौथा,आर्यन गंगवार एवं आयुष रस्तोगी नें 94 .8 प्रतिशत के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। उन्नति अग्रवाल 94 .2 प्रतिशत , अंशिका गंगवार नें 93 .5 प्रतिशतअंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। सिटी कोऑर्डिनेटर एनसी पाठक ने बताया इस वर्ष जिले में कुल सात परीक्षा केंद्र थे, जिसमें कक्षा 10 के 2539 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, इनमें से 2517 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी।

### पूरनपुर के सेंट जोसेफ का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सीबीएसई के 10वीं के नतीजे बुधवार को घोषित हुए। सेंट जोसेफ स्कूल पूरनपुर के 120 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिसका रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। तन्मय अग्रवाल 96 .8 प्रतिशत के साथ कॉलेज में प्रथम रहे। अनुष्का मिश्रा व मोहम्मद उमैर संयुक्त रूप से 96 .04 प्रतिशत के सथ दूसरे, रिफत मदर 95 .2 प्रतिशत के साथ तीसरे नंबर पर रहे। चौथे नंबर पर काव्यांश गुप्ता 94 .06 प्रतिशत, पांचवे स्थान पर यश गुप्ता व भुवि गुप्ता रहीं। प्रबंधक फादर ग्रेगरी मेस्क्रेनहस और प्रधानाचार्या सिस्टर रेम्या सेबेस्टियन, प्राइमरी विंग की प्रधानाध्यापिका सिस्टर टेसी, सिस्टर संजना आदि ने बधाई दी।



जिला टॉपर धनिष्ठा वर्मा



तनुष राय।



मयूरा।

### आईएएस बनकर सेवा करना चाहती हैं जिला टॉपर धनिष्ठा वर्मा



टॉपर बिटिया धनिष्ठा वर्मा को मिठाई खिलाती मां मनोरमा देवी।

**बीसलपुर,अमृत विचार :** भाजपा के बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा की पुत्री एवं पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा की पौत्री धनिष्ठा वर्मा ने सीबीएसई बोर्ड 10 वीं में जिला टॉप कर परिवार और जनपद का मान बढ़ाया है। उनकी इस कामयाबी पर परिवार में हर्ष का माहौल रहा। बुधवार शाम को रिजल्ट घोषित होते ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। धनिष्ठा आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। नगर के कैंम स्कॉलर्स स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा धनिष्ठा वर्मा ने सीबीएसई बोर्ड 10वीं की परीक्षा में 98 .6 फीसदी अंक पाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस कामयाबी पर परिवार ही नहीं जिलेभर का मान बढ़ा। विद्यालय प्रबंधक राजेश अग्रवाल, सहप्रबंधन मनीषा अग्रवाल ने उनके घर पहुंचकर मिठाई खिलाई और हर्ष जताया। इधर, परिवार के सदस्य भी खुशी से फूले नहीं समाए। धनिष्ठा वर्मा आईएएस अधिकारी बनना चाहती है। वह इसके लिए अभी से ही खुद को तैयार भी कर रही हैं। अपनी इस सफतला को लेकर उन्होंने अनुभव भी साझा किए। बताया कि परीक्षा में सफलता पाने के लिए मोबाइल से दूरी बनाई। आठ घंटे तक मन लगाकर पढ़ाई की। शिक्षकों के मार्गदर्शन के साथ ही घर प बाबा पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा और मां मनोरमा देवी ने भी उनका मार्ग दर्शन किया। बताते हैं कि अपने आईएएस बनने के सपने को साकार करने के लिए वह पढ़ाई के साथ -साथ तैयारी भी कर रही हैं। कक्षा नौ से ही जेई परीक्षा की तैयारी करती आ रही हैं। लक्ष्य पाने के लिए दृढ़ संकल्प ले रखा है। इतना ही नहीं , पढ़ाई के साथ ही उन्हें खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने का भी शौक है।

# अभी कई और संदिग्ध खाते रडार पर

## पड़ताल खोलेगी जिम्मेदारों के राज, कुछ संपत्तियों को लेकर भी पुलिस की टीमें कर रही छानबीन

**करोड़ों का घोटाला**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



डीआईओएस कार्यालय का भवन।

- जिम्मेदारों के साथ ही खाताधारकों पर भी कार्रवाई तय
- डीआईओएस कार्यालय में सरकारी धन गबन का मामला

**अमृत विचार:** चपरासी इल्हाम उर्रहमान शम्सी पर सरकारी धनराशि के गबन की एफआईआर दर्ज होने के बाद कई दिनों तक कार्रवाई ठंडे बस्ते में रही तो मामला दबाए जाने की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया था। मगर, अब पुलिस की विवेचना को गति दिए जाने के बाद एक-एक कर बड़ा खेल उजागर होता नजर आ रहा है। एक करोड़ की रकम के गबन से शुरू हुई कार्रवाई की जांच अब पांच करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी है। वहीं, शुरुआत में जहां सिर्फ एक खाते में रकम ट्रांसफर किए जाने पर जिम्मेदार खुद के बचाव को तमाम तर्क दे रहे थे, अब वह भी संदिग्ध लेनदेन वाले खातों की संख्या का आंकड़ा 50 के पार पहुंचने पर घबराए नजर आ रहे हैं। हालांकि कार्रवाई अभी यही नहीं थमी है। ऐसे कई अन्य खाते पुलिस की रडार पर हैं। जिनकी पड़ताल गुपचुप तरीके से तेज कर दी गई है। संदिग्ध लेनदेन वाले खाता धारकों पर भी कार्रवाई की आंच आना तय है। वहीं, ट्रेजरी से लेकर डीआईओएस कार्यालय के कई जिम्मेदारों की भी मुश्किल बढ़ चुकी है। खुद को घिरता देख कई जिम्मेदार बचाव को लेकर जद्दोजहद में जुट चुके हैं।

मूल रूप से बीसलपुर के जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में चपरासी इल्हाम उर्रहमान शम्सी और उसकी पत्नी अर्शी खातून के खिलाफ सदर कोतवाली में 13 फरवरी को डीआईओएस राजीव कुमार की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इल्हाम उर्रहमान शम्सी की पत्नी अर्शी खातून के खाते में 12 सितंबर 2024 से कुल 98 ट्रांजेक्शन में एक करोड़ से अधिक की रकम स्थानांतरित की गई थी। ये रकम डीआईओएस कार्यालय के शिक्षक मद से स्थानांतरित हुई थी। जिसे फर्जी व कूटरचित तरीके से वेतन मद से बेनिफिशियरी गलत तरीके से बनाकर ट्रेजरी के माध्यम से एनईएफटी के द्वारा आहरण एवं वितरण कर गबन किया गया था।

ये कार्रवाई तब हुई जब संदिग्ध लेनदेन पर बैंक के अधिकारियों ने सूचना डीएम तक पहुंचाई और सीडीओ की अगुवाई में गठित समिति ने जांच की। मुकदमा दर्ज कराने वाले डीआईओएस शुरुआत में समस्त धनराशि वापस किए जाने का तर्क देकर किसी भी तरह के गबन से इनकार कर इल्हाम का बचाव करते नजर आ रहे थे। ट्रेजरी के अधिकारियों की ओर से भी कुछइसी तरह का नर्म रुख अपनाया जा रहा था। कुछ जिम्मेदारों ने सोंचा था कि इल्हाम और उसकी पत्नी पर हुई एफआईआर के बाद मामला दब जाएगा। मगर अब पुलिस की विवेचना ने चिंता बढ़ा दी है।

चार सदस्यीय टीम द्वारा की जा रही विवेचना की मॉनिटरिंग प्रतिदिन अधिकारी कर रहे हैं। अब तक 53 संदिग्ध खाते पकड़ में आ चुके हैं, जिनमें हुए संदिग्ध लेनदेन के 5.28 करोड़ रुपये की धनराशि फ्रीज कराई जा चुकी है। मगर कार्रवाई अभी यही नहीं थम रही है। बताते हैं कि पुलिस अभी दर्जनों और संदिग्ध खातों की पड़ताल कर रही है। उसमें भी फर्जीबाड़ा करते हुए सरकारी धनराशि ठिकाने लगाई गई। इधर, ये इतना बड़ा घोटाला सिर्फ एक चपरासी के द्वारा तो अंजाम नहीं दिया गया होगा। ऐसे में ट्रेजरी से लेकर डीआईओएस कार्यालय तक के जिम्मेदारों की भूमिका भी संदिग्ध बन चुकी है। जिससे उनकी गर्दन फंसना भी तय है। कुछ अन्य संपत्तियां भी पुलिस को पता चली हैं, जिनको लेकर पड़ताल टीमें कर रही हैं। ऐसे में डीआईओएस कार्यालय का ये महाघोटाला कईयों की मुश्किलें बढ़ाता दिख रहा है।

### शासन से गठित विशेष समिति का एक माह बाद भी पता नहीं

डीएम के स्तर से कराई गई जांच में इस चर्चित घोटाले की रिपोर्ट बनाकर शासन को भेज दी गई थी। इसके बाद शासन ने संज्ञान लिया और जांच के लिए विशेष समिति गठित कर दी गई थी। इसकी अध्यक्षता अपर शिक्षा निदेशक प्रयागराज को सौंपी गई जबकि समिति में वित्त नियंत्रक प्रयागराज और संयुक्त शिक्षा निदेशक बरेली मंडल कार्यालय के वित्त एवं लेखा अधिकारी को सदस्य के तौर पर शामिल किया था। इसका पत्र भी बकायदा सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसके बाद खलबली मची रही। दस दिन के भीतर टीम को रिपोर्ट शासन स्तर पर देनी थी लेकिन अभी तक टीम की कार्रवाई अता-पता नहीं है। इतना जरुर इसी पत्र में एक अन्य लिपिक पर कार्रवाई की बात कही गई थी, जिसे तीन-चार दिन बाद निलंबित कर दिया गया था।



> गहनता से विवेचना कराई जा रही है। अभी तक 53 खातों में संदिग्ध लेनदेन मिलने पर 5 .28 करोड़ की धनराशि फ्रीज कराई जा चुकी है। कुछ संपत्तियां भी पता चली हैं, उनको लेकर भी कार्रवाई चल रही है। कभी कई अन्य खातों की भी जांच पड़ताल चल रही है। इसमें जिनके भी खाते इस्तेमाल किए गए हैं, उनके खिलाफ भी सख्त एक्शन लिया जाएगा। -**सुकीर्ति माधव**, एसपी

# नौ न्यायिक अधिकारियों का गैरजनपद तबादला


न्यायिक अधिकारी को दोशाला भेंट करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** उच्च न्यायालय ने वार्षिक तबादलों के क्रम में न्यायिक अधिकारियों के तबादला किए। इसी क्रम में जिले के नौ न्यायिक अधिकारियों का स्थानांतरण गैर जनपद किया है। ट्रांसफर होने वाले सभी न्यायिक अधिकारियों ने बुधवार शाम को अपना कार्यभार छोड़ दिया।

प्रथम अपर जिला जज विजय कुमार डूंगराकोटी का मैनपुरी, तृतीय अपर जिला जज महेशा नंद झा का मुजफ्फरनगर, स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट गीता सिंह का चित्रकूट, अपर जिला जज छांगुरराम का मऊ, अपर जिला जज आतिफ शमीम का तबादला प्रतापगढ़ हुआ है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद कुमार का मिर्जापुर, सिविल जज सीनियर डिवीजन त्वरित न्यायालय सौम्या भारद्वाज का तबादला फिरोजाबाद हुआ है। सिविल जज जूनियर डिवीजन अनुकृति सिंह का प्रयागराज और न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रियंका मौर्या का तबादला चरखारी महोबा हुआ है। सभी नौ न्यायिक अधिकारियों ने बुधवार को अपना कार्यभार छोड़ दिया। कार्य भार छोड़ने वाले न्यायिक अधिकारियों ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार से भी मुलाकात की। वरिष्ठ अधिवक्ता धीरेंद्र मिश्र , तेज सिंह वर्मा, नरेश, लालमन , कुलदीप अवस्थी आदि ने न्यायिक अधिकारियों को विदाई दी और दोशाला भेंट किया। बता दें कि उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में पीलीभीत में कासगंज से अपर जिला जज शिखा प्रधान,गौतम बुद्ध नगर से अपर जिला जज विजय कुमार हिमांशु,हाथरस से अपर जिला जज महेंद्र श्रीवास्तव, भदोही से मोहम्मद शाहनवाज अहमद सिद्दीकी, झांसी से अरुण क्रांति यशोदास, मथुरा से ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट शिप्रा सिंह, उत्कर्ष सिंह, लखनऊ से प्रदीप यादव, इंदु यादव व सलेमपुर देवरिया से सक्षम शेखर आ रहे हैं।

## व्यापार मंडल के बृजमोहन बने जिलाध्यक्ष

**पीलीभीत, अमृत विचार:** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महासचिव प्राची पांडेय ने मोहल्ला देशनगर के रहने वाले बृजमोहन सक्सेना पुत्र चंद्रप्रकाश सक्सेना को पीलीभीत का जिलाध्यक्ष बनाया हे। व्यापारी हितों की रक्षा, उनके अधिकारों की सुरक्षा एवं संगठन विस्तार करने के लिए जिम्मेदारी दी गई। साथियों ने उनके मनोनयन पर हर्ष जताया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर संगोष्ठी आयोजित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर में मौजूद छात्राएं एवं वक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसका उद्देश्य छात्राओं एवं समाज में महिलाओं के अधिकारों, सशक्तिकरण और उनके संवैधानिक संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए नारी सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉ. अर्निका दीक्षित ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

डॉ. राजिया शकील ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से समाज में संतुलित एवं समावेशी विकास संभव हो सकेगा। डॉ. अंशिका शर्मा ने छात्राओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर तहमीना शम्सी, डॉ. रंजना सिंह, डॉ. रेखा सिंह ने भी नारी सशक्तिकरण पर अपने-अपने विचार प्रकट किए। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ मृदुला शर्मा ने किया।



पदयात्रा में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

## उपाधि महाविद्यालय से निकाली पदयात्रा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में उपाधि महाविद्यालय में बुधवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से पदयात्रा निकाली गई। प्राचार्य डॉ. दुष्यंत कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना कराया। करीब 200 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# संदीप की मौत के रहस्य को सुलझाने में जुटी पुलिस


मृतक के घर पहुंचकर पड़ताल करती टीम।

- फारेंसिक टीम के साथ घर पहुंचकर की सुरागरसी
- हत्या करने के आरोप में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** ग्राम मधवापुर में मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में छात्र संदीप भारती की मौत हो गई थी। परिवार वालों ने जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कार्रवाई की मांग को लेकर परिवार ने पोसटमार्टम के बाद शव रखकर गांव के बाहर मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन भी किया था। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। बुधवार शाम को फॉरेंसिक टीम के साथ कोतवाली पुलिस मृतक के घर पहुंची और सुरागरसी की। एसओ गौतम सिंह ने बताया कि सभी पहलुओं पर पड़ताल चल रही है। परिजनों ने जांच टीम को बताया कि मृतक ने छत पर उल्टी की थी। इस पर फारेंसिक टीम ने वहां पर भी कुछ नमूने लिए। गहनता से विवेचना कराई जा रही है।

# तीन छात्रों ने कंप्यूटर ओलंपियाड में जीते गोल्ड मेडल


कॉलेज स्टाफ संग सम्मानित किए गए छात्र। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** लिटिल एंजेल्स स्कूल के विद्यार्थियों ने एसओएफ कंप्यूटर साइंस ओलंपियाड में अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाते हुए उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। मेधावी छात्रों ने विभिन्न श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल और जनपद का नाम रोशन किया। कक्षा दो के निखिल गुप्ता, कक्षा आठ के उत्तम सिंह माथुर और इसी कक्षा के अप्रति सिंह ने स्वर्ण पदक जीता।

इसे लेकर बुधवार को स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। निदेशक संजीव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, प्रधानाचार्य एनसी पाठक, उप-प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेड मिस्ट्रेस नीना महरोत्रा ने संयुक्त रूप से विजेता छात्रों को सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। ओलंपियाड प्रभारी उत्तम शर्मा, भुवनेश गोयल आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## न्यूज डायरी



### बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प

**पीलीभीत, अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत जिला समाज कल्याण अधिकारी चन्द्र मोहन विश्नोई, कालेज निदेशक डॉ. हेमंत जगोता, प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद ने कराई। बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। डॉ. अतुल कुमार ने स्वागत परिचय प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शाहिद खान, डॉ. कृष्णा शर्मा, संगीता गंगवार, अंग्रेज कौर, राजपाल, कविशा कन्नौजिया आदि मौजूद रहे।

### रहस्यमय ढंग से युवक लापता

**बरखेड़ा ।** बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम जगीपुर के रहने वाले कौशल कुमार ने बताया कि बीते दिनों उनकी बुआ बीमार होने पर कई दिन पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में भर्ती रही थी। 13 अप्रैल को बुआ को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। बुआ को उनके गांव बुधौली छोड़ने के लिए पीड़ित का बड़ा भाई पवन कुमार उर्फ दीपक ( 24 ) पुत्र नंदलाल गया था। एक दिन बुआ के घर रुका और फिर मंगलवार को दीपक बाइक से वापस घर आने के लिए निकला, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। परिवार वाले थाने पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। बुधवार को बात हुई तो बाहर होने की बात बताई। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि युवक के मोबाइल की लोकेशन टनकपुर उत्तराखंड निकली है ।इसकी जानकारी परिवार को दे दी गई है ।परिजन ने कोई तहरीर नहीं दी है।

### अनुपस्थित केंद्र प्रभारियों का वेतन रोका

**पीलीभीत, अमृत विचार :** डीएम के निर्देश पर रबी विपणन वर्ष 2026-27 में क्रय एजेंसी पीसीयू द्वारा संचालित गेहूं क्रय केन्द्र प्रभारियों की ऑनलाइन उपस्थिति की समीक्षा की गई। एआर कोऑपरेटिव डॉ.प्रदीप कुमार ने समीक्षा की। इस दौरान 12 केंद्र प्रभारी अनुपस्थित पाए गए। पीसीयू पूरनपुर 03, मरौरी 02, बिलसण्डा 04, बीसलपुर 03 केन्द्र प्रभारी अनुपस्थित थे। इन सभी का 15 अप्रैल से अग्रिम आदेशों तक वेतन रोक दिया है। भविष्य में लापरवाही दोहराने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



### नारी वंदन सम्मेलन में बताई सरकार की योजनाएं

**पीलीभीत, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की ओर से ब्लॉक मरौरी में बुधवार को नारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा इसकी बरखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र की संयोजक रहीं। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य रहे। बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। संचालन जिला महामंत्री मंगली प्रसाद ने किया। इस दौरान पार्टी द्वारा चलाए जा रही योजनाओं के बारे में ब्लॉक प्रमुख मरौरी ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा 33 फीसदी आरक्षण महिलाओं के लिए लागू किया गया, जिससे महिलाएं ग्राम पंचायत के चुनाव से लेकर संसद तक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगी। भाजपा सरकार में महिलाएं पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं और उन्हें गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने भी विचार रखे। इस मौके पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, रेनू राज, रेखा परिहार, विकास श्रीवास्तव, नमन राजपूत, सतपाल, विकास वाल्मीकि, शकुंतला राजपूत आदि मौजूद रहे। ब्लॉक प्रमुख ने जिलाध्यक्ष भाजपा को रामदरबार का चित्र भेंट किया।

### प्रेमजाल में फंसाकर युवती के साथ किया दुष्कर्म

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में दी तहरीर में युवती ने बताया कि वह डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही है। इस दौरान उसकी इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो साल पहले बरेली जनपद के फतेहगंज पश्चिमी के ग्राम धन्तिया निवासी कासिम खान से संपर्क हुआ। युवक ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके पश्चात शादी का झांसा देकर उसने कई बार मिलने को बुलाया। अनजान जगह सुनसान मकान में ले जाकर दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं उसने कुछ अश्लील तस्वीरें भी खींच ली। वह दो वर्ष में कई बार डरा धमकाकर दुष्कर्म कर चुका है। फिर छात्रा से रुपये की मांग की गई। अभी तक बदनामी के डर से चुप रही। आरोपी ने आपत्तिजनक वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली



MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002



फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज



जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार
एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्ट्स मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
डा. आंचल अग्रवाल
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
फीजिशियन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीबी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348



डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448



ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# सीबीएसई हाईस्कूल में बालिकाओं का दबदबा, आजमानी की अपूर्वा ने किया टॉप

## छात्रों और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई, वहीं विद्यालयों में जश्न का माहौल देखने को मिला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा के घोषित परिणाम में इस बार भी छात्राओं का दबदबा साफ नजर आया। जिले के मेधावी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। परिणाम घोषित होते ही छात्रों और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई, वहीं विद्यालयों में जश्न का माहौल देखने को मिला। टॉप करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में कई स्कूलों में मिठाइयां बांटी गईं।

जिले में प्रथम स्थान पर आजमानी पब्लिक स्कूल की छात्रा अपूर्वा विश्वकर्मा रहीं, जिन्होंने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में टॉप किया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन हुआ है। द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से दो विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। पंडित दीन दयाल इंटर कॉलेज (सीबीएसई बोर्ड) के सुयश पांडेय और लॉ मटीना स्कूल की छात्रा समृद्धि खरे ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। तृतीय स्थान पर उमादेवी चिल्ड्रन एकेडमी, मोहम्मदी की छात्रा प्रियल गुप्ता रहीं। वहीं, चौथे स्थान पर भी दो विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से जगह बनाई। चिल्ड्रन एकेडमी के वैभव वर्मा और पंडित दीन दयाल इंटर कॉलेज (सीबीएसई बोर्ड) के शौर्य चक्रवर्ती ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इन सभी मेधावी विद्यार्थियों की सफलता पर उनके विद्यालयों में हर्ष का माहौल है। शिक्षकों ने इसे विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन का परिणाम बताया। उनका कहना है कि सही मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग से ही इस तरह के उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाते हैं।



जिला टॉपर को बधाई देतीं अजमानी स्कूल की एमडी गुरजीत अजमानी व प्रधानाचार्य मंजू पाठक।



90.8 प्रतिशत अविका अग्रवाल



92.8 प्रतिशत अफजाल अंसारी | 90.2 प्रतिशत आयुष प्रताप सिंह | 93.4 प्रतिशत अंशुल वर्मा | 92.4 प्रतिशत अनमोल गुप्ता



92.2 प्रतिशत दक्षवीर सिंह | 91.4 प्रतिशत अनमोल सिंह | 93 प्रतिशत गौरव सिंह | 90.2 प्रतिशत अनुकरण तिवारी



94 प्रतिशत आराध्या वर्मा | 92.6 प्रतिशत शुभिता पेरिवाल | 96.6 प्रतिशत अंशिका वर्मा | 93.6 प्रतिशत जोहा परवीन



96.6 प्रतिशत अविरल पटेल | 91.6 प्रतिशत मान्या गुप्ता | 92.2 प्रतिशत तेजस | 93.2 प्रतिशत आर्यन यादव | 91.6 प्रतिशत अभिमान वर्मा | 96.6 प्रतिशत तौसीफ आलम | 92.4 प्रतिशत श्रजल कटियार | 90.4 प्रतिशत हिमांशु वर्मा | 90.6 प्रतिशत कोमल प्रीत सिंह | 94.4 प्रतिशत सूर्यांश सक्सेना



अजमानी पब्लिक स्कूल में खुशी मनाते सफल छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### डॉक्टर बनकर देश सेवा करना चाहती हैं अपूर्वा



98.2 प्रतिशत अपूर्वा विश्वकर्मा

**लखीमपुर खीरी।** सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में जिले में टॉप करने वाली आजमानी पब्लिक स्कूल की होनहार छात्रा अपूर्वा विश्वकर्मा सामान्य परिवार से हैं। उन्होंने कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। अपूर्वा ने बताया कि उन्हें साइंस और आट्र्स दोनों विषयों में रुचि है, लेकिन उनका सपना डॉक्टर बनकर देश सेवा करना है। उन्होंने सफलता का मंत्र बताते हुए कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पूरी तरह पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित किया। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपूर्वा ने अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय की एमडी गुरजीत सिंह अजमानी, परिवार के सहयोग और गुरुओं के मार्गदर्शन ने उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी, जिसकी बदौलत वह यह सफलता हासिल कर सकीं।

### डॉक्टर बनकर सेवा करूंगा



98 प्रतिशत सुयश पाण्डेय

98 प्रतिशत अंक के साथ जिले में दूसरी पोजिशन हासिल करने वाले सुयश पांडे चिकित्सा के क्षेत्र में जाकर लोगों की सेवा करना चाहते हैं। शहर की संतोष नगर कॉलोनी निवासी सुयश के पिता राजेश कुमार जिला पंचायत इंटर कॉलेज बिजुआ में शिक्षक हैं, माता सुनीता देवी ग्रहणी हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सीबीएसई बोर्ड के छात्र सुयश ने बताया कि वह स्कूल के साथ कई ऑनलाइन ऐप के माध्यम से पढ़ाई कर रहे थे।

### ला मटीना की छात्रा ने पाए 98 फीसदी अंक



98 प्रतिशत समृद्धि खरे

शहर के एसएसबी कैम्पस निवासी समृद्धि खरे ने 98 प्रतिशत अंक के साथ जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है। ला मटीना स्कूल की छात्रा समृद्धि के पिता फास्ट फूड की दुकान चलाते हैं। मां श्वेता वर्मा केंद्रीय विद्यालय में म्यूजिक टीचर हैं। समृद्धि फिलहाल लखनऊ में नीट की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल के अलावा अगर पढ़ाई करते समय कोई डाउट होता था तो वह यूट्यूब का सहारा भी लेती थीं।

### सिविल सर्विस से देश सेवा करूंगा



97.4 प्रतिशत वैभव वर्मा

97.4 प्रतिशत अंक के साथ जिले में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे वैभव वर्मा सिविल सर्विस में जाकर देश सेवा करना चाहते हैं। शहर के मोहल्ला काशीनगर निवासी वैभव चिल्ड्रन अकैडमी के छात्र हैं। वैभव के पिता महेंद्र कुमार पोस्ट ऑफिस में कार्यरत हैं, माता पूनम देवी शिक्षक हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है।



गोला के राजेंद्र गिरि मेमोरियल में खुशी व्यक्त करते विद्यार्थी और शिक्षक। ● अमृत विचार

### सफलता का अलग-अलग मंत्र

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** टॉप करने वाली छात्रा अपूर्वा विश्वकर्मा की सफलता का राज उनका अनुशासित जीवन और पढ़ाई के प्रति पूरा समर्पण रहा। उन्होंने सोशल मीडिया और यूट्यूब से दूरी बनाकर अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित किया। उनका मानना है कि एकाग्रता के साथ की गई पढ़ाई ही बेहतर परिणाम दिलाती है और भटकाव से दूर रहना जरूरी है। वहीं दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे छात्रों ने आधुनिक तकनीक का सहारा लेकर अपनी तैयारी को मजबूत किया। सुयश पांडेय, समृद्धि खरे, वैभव वर्मा और शौर्य चक्रवर्ती ने बताया कि उन्होंने ऑफलाइन पढ़ाई के साथ यूट्यूब और अन्य ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग किया, जिससे कठिन विषयों को समझने में आसानी हुई। उनका कहना है कि सही दिशा में इस्तेमाल किया जाए तो डिजिटल प्लेटफॉर्म पढ़ाई को और प्रभावी बना सकते हैं। इस तरह इस बार के परिणाम में अलग-अलग तरीकों से तैयारी करने वाले छात्रों ने सफलता हासिल कर यह साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और सही रणनीति ही असली सफलता की कुंजी है।

### चिल्ड्रेन्स एकेडमी में अविरल पटेल ने किया कॉलेज टॉप

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** बुधवार दोपहर बाद जारी हुए सीबीएसई के हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में नगर के बांकेगंज रोड स्थित चिल्ड्रेंस एकेडमी में हाईस्कूल के विद्यार्थी अविरल पटेल ने 96.6 प्रतिशत अंक पाकर कॉलेज में टॉप किया है। उनकी उपलब्धि पर विद्यालय के एमडी सतीश गुप्ता, डायरेक्टर अनुभव गुप्ता ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### शत प्रतिशत रहा राजेंद्र गिरि का रिजल्ट

**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :** नगर के लक्ष्मणजती स्थित श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी में कक्षा 10 में तौसीफ आलम ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया है। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर विद्यालय के एमडी विधायक अमन गिरि, डायरेक्टर मोहित पुरी, प्रधानाचार्य आलोक मिश्रा ने खुशी व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



97.4 प्रतिशत अंक के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय सीबीएसई बोर्ड के छात्र शौर्य चक्रवर्ती ने संयुक्त रूप से टॉप तीन में अपनी जगह बनाई है। शहर के मोहल्ला गोमती नगर के निवासी शौर्य के पिता वीरेंद्र कुमार सरकारी टीचर और माता उमा ग्रहणी हैं। गणित में रुचि रखने वाले सूर्यांश इंजीनियर बनकर देश सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है।

### सीबीएसई के रिजल्ट में सेंट जॉन्स के छात्रों का रहा शानदार प्रदर्शन

● **शुभिता पेरिवाल ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पाया पहला स्थान**

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 10 का परिणाम घोषित होते ही छात्रों में खुशी का माहौल छा गया। सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। परिणाम आते ही स्कूल परिसर और छात्रों के घरों में उत्साह देखने को मिला, अभिभावकों ने मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त प्रतिफल है। कहा कि विद्यालय आगे भी इसी तरह शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करता रहेगा।

# गेहूं खरीद केंद्रों पर हो रहा किसानों का शोषण

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन के नेतृत्व में मंडी परिसर में किसानों की समस्याओं को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया गया। धरने के उपरांत जिला अध्यक्ष ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर गेहूं खरीद व्यवस्था सरल किये जाने की मांग की है।

कई दिनों से मंडी समिति में खुले गेहूं खरीद केंद्रों पर किसानों को वारदाना की कमी बताकर टरकाया जा रहा है। परेशान किसान मजबूरन बिचौलिये के माध्यम से आढ़तियों के यहां अपना गेहूं कम कीमत पर बेंच रहे हैं। जानकारी होने पर भाकियू जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने अपने साथियों के साथ मंडी समिति परिसर पहुंचकर सांकेतिक धरना दिया। धरने की सूचना पर पहुंची एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी को ज्ञापन देकर जिलाध्यक्ष ने मांग की है कि क्रय केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बोरों की उपलब्धता न होने के कारण किसान अपनी उपज का विक्रय करने में असमर्थ हैं। इससे मंडी में उपज लेकर आए किसानों को अनावश्यक परेशानी हो रही है। मंडी परिसर में बिचौलिए सक्रिय हैं और किसानों से अवैध धनराशि लेकर शीघ्र तौल कराने का प्रलोभन दे रहे हैं। यह कृत्य पूर्णतया अनियमित एवं आपत्तिजनक है। कुछ क्रय केंद्रों पर अवैध वसूली एवं भ्रष्टाचार की आशंका है।

पदाधिकारियों ने मांग की है कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोष सिद्ध होने पर संबंधित केंद्र प्रभारी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से पद से हटाया जाए। ज्ञापन देते समय यूनियन के युवा जिला अध्यक्ष सर्वजीत सिंह, सुधीर वर्मा, पंकज कुमार, नरेंद्र सिंह गिल, अनुराग वर्मा, संजय सिंह, रेशम सिंह, राहुल वर्मा, राजेश शुक्ला सहित तमाम किसान मौजूद रहे।



गोला में एसडीएम को ज्ञापन देते भाकियू जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Granta Commission of India | Medical Council of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Where there is rural well being there is University Prosperity | Uttar Pradesh State Medical Faculty

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS | 3 Year |
| 02 | M.Sc. Medical Biochemistry | MBBS | 3 Year |
| 03 | M.Sc. Medical Microbiology | MBBS | 3 Year |
| 04 | M.Sc. Pharmacology | MBBS | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Physiology | MBBS | 3 Year |
| 06 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 07 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 08 | Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | B. Pharm | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| 12 | D. Pharm | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 13 | M. Pharm (Pharmaceutical Chem) | B. Pharm | 2 Year |
| 14 | M. Pharm (Pharmaceutics) | B. Pharm | 2 Year |
| 15 | M. Pharm (Pharmacology) | B. Pharm | 2 Year |
| 16 | M. Pharm (Pharmacognosy) | B. Pharm | 2 Year |
| 17 | Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 18 | Bachelor of Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCM/PCB) | 2 Year |

FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20 | Bachelor of Physiotherapy | 10+2 (PCB) | 5 Year |
| 21 | Bachelor Operation Theater Technician | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 22 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 23 | B.Sc. in Optometry | 10+2 (PCB) | 5 Year |
| 24 | B.Sc. in Radiological Imaging Techniques | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 25 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 26 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 27 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 28 | Diploma in Medical Lab Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 29 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 30 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 31 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 32 | Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 33 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 34 | Certification in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |

ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | | | |
|---|---|---|---|
| 35 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 36 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 37 | Nurse Practitoner in Critical Care Post Graduate Residency Program (NPCC) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursinng* | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursinng* | 2 Year |
| 40 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 41 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 42 | M.Sc. Nursing in Community health Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 43 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 44 | ANM | 10+2 | 2 Year |

BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | | | |
|---|---|---|---|
| 45 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 46 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 47 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 50 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 54 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 55 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 56 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 58 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 61 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 65 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 66 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 67 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 68 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 69 | M.Sc Forensic Science | Graduation in Sci. | 2 Year |

FACULTY OF FINE ARTS

| | | | |
|---|---|---|---|
| 70 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 71 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 2 Year |
| 72 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 73 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 74 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 75 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 76 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर.एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 19 अप्रैल 2026, रविवार 3 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# ये माना कि जानम बहुत खूब हो तुम....

## चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर टीना परवीन और तस्लीम आरिफ की जवाबी कव्वाली ने मचाई धूम

● **नगर पालिका अध्यक्ष ने विशेष सहयोग करने वाले 40 कर्मचारियों को किया सम्मानित**

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला में चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर बोलते मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** छोटी काशी में ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर जवाबी कव्वाली में टीना परवीन और तस्लीम आरिफ ने ऐसी समा बांधी कि दर्शक झूमते रहे। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद मिश्रा, कार्यक्रम अध्यक्ष सेन्ट्रल बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामकुमार गौतम, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डॉ. फारुख, मंजूर अली, डॉ. मनोज वर्मा, हनीफ खान, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन महामंत्री संदीप अवस्थी ने पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब का मेला चैती को पालिकाध्यक्ष ने बहुत ही खूबसूरती से सजाया है।

कार्यक्रम अध्यक्ष ने कहा कि चैती मेला बहुरंगी संस्कृति का मेला है। यहां सुदूर क्षेत्र से लोग आते हैं, जिनकी सुविधा का पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू बहुत ख्याल रखते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कार्यक्रम से पूर्व विशेष सहयोग करने वाले लगभग 40 कर्मचारियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

मंगलवार शाम सांस्कृतिक मंच पर जवाबी कव्वाली कार्यक्रम का आरंभ तस्लीम आरिफ ने ईश्वर वंदना तू ही ईश्वर तू ही अल्ला हम सबका से की। उसके बाद भर दो झोली मेरी या मोहम्मद, मैने किसी के साथ भी धोखा नहीं किया। मुकाबले कव्वाली-ये माना कि जानम बहुत खूब हो तुम, एटम बम है तेरी जवानी, देख के तुझको आता है पानी। बैजों पर तस्लीम हुसैन, तबला पर शानू, ढोलक पर कैफ, हारमोनियम पर सरफराज, ऑक्टोपैड पर कमल हसन और कोरस पर वसीम व इन्तजार ने साथ दिया। वहीं जवाब में टीना परवीन ने सबकी जुबां पर तेरा ही नाम, कमली वाले के जैया नहीं, जहर मुझको पिला देना, मुकाबले में एटम बम है तेरी जवानी गया तो दर्शक झूम उठे।

तबला पर विक्की, ढोलक पर आसाराम, पैड पर सूरज, हारमोनियम पर दिलशाद वारसी, कोरस हसन अली, बैंजो सोनी नियाजी ने साथ दिया।



मंच पर जवाबी कव्वाली सुनाते तसलीम आरिफ।



तसलीम की कव्वाली का जवाब देतीं टीना परवीन।

### चैती मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन आज

**गोला गोकर्णनाथ अमृत विचार :** छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला का समापन 16 अप्रैल को होगा। इस अवसर पर गुरुवार को सांस्कृतिक मंच पर पुरस्कार वितरण, समापन एवं मशहूर गायक शब्बीर कुमार एण्ड पार्टी के सांस्कृतिक कार्यक्रम सायं सात बजे से होंगे।

# खाटू श्याम के भजनों से सराबोर हुए श्रद्धालु



कंजा देवस्थान पर भजन सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● **कामदा एकादशी पर कंजा बाबा देवस्थान पर हुआ संकीर्तन**

**अमृत विचारः** कंजा बाबा देवस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर में कामदा एकादशी पर श्री श्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा आयोजित संकीर्तन में खाटू श्याम के भजनों पर श्रद्धालु झूमते गाते रहे।

नगर के मोहम्मदी रोड स्थित कंजा बाबा देवस्थान पर भजन गायक अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने अरे द्वारपालो कन्हैया से कह दो, श्याम झूले हनुमत झूले, झूले राधा रानी, श्याम खाटू वाला श्याम खाटू वाला आदि भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। मंदिर के पुजारी संतोष पाठक ने एकादशी की महिमा बताते हुए कहा कि कामदा और वरुथिनी एकादशी का व्रत पापों का नाश करने वाला है। राजा मांधाता और राजा हरिश्चंद्र ने भी इस व्रत के प्रभाव से सौभाग्य प्राप्त किया था। यह व्रत दस हजार वर्षों की तपस्या के समान पुण्य फलदायी होता है।

समापन आरती और प्रसाद वितरण से हुआ।व्यवस्था में अध्यक्ष दीपक राजपूत, महामंत्री अजय गुप्ता, संरक्षक अनिल जलोटा, संजू गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, शिवम गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी, बबलू जायसवाल, संतोष गुप्ता और सुमित राठौर सहित तमाम श्याम भक्त मौजूद रहे।

# बेलरायां चीनी मिल की दूसरी बंदी नोटिस जारी

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** बेलरायां सरजू सहकारी चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि इस मिल के अधिकांश गन्ना क्रय केंद्र बंद होने की कगार पर पहुंच चुके हैं। शेष केंद्रों और मिल गेट पर गन्ने की खुली खरीद की जा रही है।

उन्होंने किसानों से अपील की है कि जिनके पास आपूर्ति योग्य गन्ना शेष है, वे 16 अप्रैल 2026 तक हर हाल में मिल को गन्ना उपलब्ध करा दें। यदि किसानों को गन्ना आपूर्ति से संबंधित एसएमएस प्राप्त करने में कोई समस्या आ रही है तो वे अपने संबंधित गन्ना क्रय केंद्र या गन्ना पर्यवेक्षक से संपर्क कर सकते हैं। मिल प्रबंधन के इस फैसले से क्षेत्र के किसानों में हलचल बढ़ गई है, क्योंकि गन्ने की कमी के चलते पेराई सत्र समय से पहले समाप्त होने की आशंका जताई जा रही है।

# भीरा नगर पंचायतः एसडीएम ने दिलाई सभासदों को शपथ

संवाददाता, भीरा

**अमृत विचारः** भीरा नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में शासन द्वारा नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। पलिया की न्यायिक एसडीएम आरती यादव ने नामित सभासदों राजकुमार अग्रवाल, नितिन अग्रवाल एवं वीरेंद्र कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष चारु शुक्ला, अधिशासी अधिकारी दिनेश शुक्ला, नगर पंचायत के कर्मचारी व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

शपथ ग्रहण के बाद उपस्थित लोगों ने नवनियुक्त सभासदों को बधाई दी और उनसे नगर के विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपेक्षा जताई। वक्ताओं ने कहा कि नए सभासदों के जुड़ने से नगर में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और जनसमस्याओं के समाधान में भी तेजी आएगी।

**निघासन।** नगर पंचायत निघासन में शासन द्वारा नियुक्त सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। एसडीएम न्यायिक मिथिलेश मिश्रा ने नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।समारोह में मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक शशांक वर्मा ने नवनियुक्त सभासदों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वे शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभासद ही नगर के विकास की धुरी होते हैं और उनके प्रयासों से विकास को नई दिशा मिलेगी। एसडीएम न्यायिक ने पूर्व प्रधान एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार मौर्य, सुनील मौर्य और मुन्नी देवी को शपथ दिलाई।

नगर पंचायत चेयरमैन बद्रीप्रसाद मौर्य ने सभी सभासदों से एकजुट होकर नगर के विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी दिनेश शुक्ला, अशोक तिवारी, सुयश पांडेय समेत अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। विधायक ने सभी सभासदों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अविनाश दीक्षित ने किया। इस दौरान सभासद अमित वर्मा, उमेश मौर्य, रवि वर्मा, विनोद वर्मा, अर्जुन चौपड़ा सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**सिंगाही।** नगर पंचायत सिंगाही में बुधवार शाम शासन से नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम नगर पंचायत के मैरिज हाल में संपन्न हुआ, जहां निघासन उपजिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी राजीव निगम ने नामित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।नामित सभासदों में पं. सालिकराम मिश्रा, प्रदीप श्रीवास्तव और उमाकांत कटियार शामिल रहे। सभी ने विधिवत शपथ लेकर अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम सहित अन्य सभासद और क्षेत्र के लोग भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभासद रामनरेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दीपक गुप्ता, सुनील बत्रा, शिशिर गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।



भीरा में नामित सभासदों को शपथ दिलाते एसडीएम न्यायिक आरती यादव।



नामित सभासदों को शपथ दिलाते एसडीएम राजीव निगम। ● अमृत विचार


सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174


# गोला में नामित सभासदों को दिलाई शपथ

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** गोला के नगर पालिका सभागार में एसडीएम प्रतिक्षा त्रिपाठी ने शासन से नामित सभासद पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, रामचन्द्र राठौर, गीता विश्वकर्मा, सूर्य प्रकाश सिंह चौहान और राहुल भारती को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि पालिका बोर्ड में सभी नामित सभासदों का स्वागत है। शपथ समारोह में अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार, विनोद स्वर्णकार, सुर्जन लाल वर्मा, विनोद वर्मा, अशोक सक्सेना, राजेश राठौर, धीरज बाजपेई, विजय मिश्रा आदि रहे।

**पलियाकलां।** शासन से नामित सभासद उदयवीर सिंह, घनश्याम श्रीवास्तव, दौलतराम गौतम, कुसुम राय व अर्चना अवस्थी को एसडीएम ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी विजय बहादुर यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।



पालिका सभागार में नामित सभासदों को शपथ दिलाते एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी।

# 32 दिन में उजड़ा घर तीन मासूम हुए अनाथ



चंदपुरा में तीन मासूम बच्चों के साथ बैठीं दादी रामश्री। ● अमृत विचार

संवाददाता, मूड़ा सवारान

● **मां के बाद पिता की मौत से टूटा सहारा, बूढ़ी दादी पर आई परवरिश की जिम्मेदारी**

**अमृत विचारः**भीरा थाना क्षेत्र के चंदपुरा गांव में घटी दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया है। परिवार पर दुःखों का ऐसा पहाड़ टूटा कि तीन छोटे-छोटे बच्चों की जिंदगी एक झटके में बदल गई। मां के निधन के बाद अभी वे संभल भी नहीं पाए कि 32 दिन में ही पिता रामू की भी मौत हो गई। इस तरह मासूम नागेश, मानवी और शिवांश के सिर से माता-पिता का साया उठ गया।

जहां कभी बच्चों की हंसी और चहल पहल रहती थी, अब वह घर खामोशी में डूबा हुआ है। अब उस घर में न ममता की छांव है और न ही पिता का सहारा। मासूम बच्चे बार बार अपने माता पिता को याद कर रो पड़ते हैं। उनकी मासूमियत भरी आंखों में दर्द साफ झलकता है और मन में उठ रहे सवाल किसी से भी जवाब नहीं मांग पाते। जिंदगी के जिस दौर में उन्हें पढ़ाई, खेल और सपनों में खोया होना चाहिए था, उसी उम्र में उन्हें अपनों को खोने का गहरा आघात झेलना पड़ रहा है। यह सदमा इतना बड़ा है कि आसपास के लोग भी इसे देखकर भावुक हो उठते हैं। परिवार की बुजुर्ग सदस्य रामश्री पर अब इन तीनों बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी आ गई है। खुद सहारे की जरूरत वाली उम्र में वह बच्चों को कांपते हाथों से संभालने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन हालात बेहद कठिन हैं। उनके चेहरे पर चिंता और बेबसी साफ दिखाई देती है।

रिश्तेदार और ग्रामीण मदद के लिए आगे आ रहे हैं। मगर मां बाप की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। गांव में हर कोई इस घटना से दुखी है और बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित नजर आ रहा है। अब सवाल यही है कि इन मासूमों का आगे का जीवन कैसे पटरी पर आएगा और कौन इनके आंसुओं को सहारा देगा।

# दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **जमीन विवाद और झूठे केस में वसूली के आरोप**

**अमृत विचारः** जनपद में पुलिसकर्मियों की कार्यशैली पर उठे सवालों के बीच एसपी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। सभी के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया कि थाना फूलबेहड़ में तैनात एसआई सोबरन सिंह और आरक्षी लाखन सिंह पर आरोप था कि उन्होंने एक व्यक्ति से रुपये लेकर दूसरे के हिस्से की जमीन पर दीवार बनवाने में मदद की। इस मामले में कर्तव्यों के प्रति लापरवाही और अनुचित आचरण पाए जाने पर दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं एक अन्य मामले में पुलिस चौकी कटौली पर तैनात सिपाही राहुल कुमार पर एक व्यक्ति को साइकिल चोरी के झूठे आरोप में बंद कर उससे रुपये मांगने का आरोप लगा। आरोपी सिपाही ने 700 रुपये लेकर व्यक्ति को छोड़ा गया। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने सिपाही राहुल कुमार को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। एसपी ने बताया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# देव स्थान व आंबेडकर झंडे को लेकर टकराव

**भानपुर, अमृत विचारः** भीरा थाना क्षेत्र के गांव रूपनपुरवा में कुछ समय पूर्व तहसील प्रशासन के लेखपाल ने मौके का निरीक्षण कर कथित भूमि को सरकारी बताया था। बुधवार को अंबेडकर की मूर्ति स्थापित किए जाने की चर्चा के बीच दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, धीरे-धीरे गाली-गलौज तक पहुंच गई। पुलिस और यूपी 112 की टीम मौके पर पहुंची। भीरा थानाध्यक्ष रोहित दुबे ने दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया और शांति व्यवस्था कायम कराई। इसके बाद दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया। राठौर पक्ष का कहना है कि यह स्थान भोले बाबा का प्राचीन देवस्थल है, जहां वर्षों से पूजा-पाठ, हवन और धार्मिक कार्यक्रम होते आ रहे हैं। एसओ भीरा रोहित दुबे ने बताया कि दोनों पक्षों में विवाद हुआ था, आपसी बातचीत के बाद समझौता हो गया है। गांव में शांति बनी है।

## जयंती के दिन सुरक्षा नदारद, हिंसा के बाद बढ़ी सक्रियता

**बेहजम, अमृत विचार:** मितौली तहसील क्षेत्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के बाद प्रशासन की सक्रियता अब सवालों के घेरे में है। मंगलवार को जयंती के दौरान जहां सुरक्षा व्यवस्था कमजोर नजर आई, वहीं बांकेगंज के मोतीपुर में हुई हिंसक घटना के बाद बुधवार को प्रशासन अचानक हरकत में आ गया और गांव-गांव पहुंचकर निरीक्षण किया।

बुधवार को एसडीएम मितौली मधुसूदन गुप्ता, तहसीलदार दिनेश कुमार और नीमगांव पुलिस बल ने बेहजम, धवरपुर और बसारा समेत कई गांवों में पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने इसे शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित अभियान बताया, लेकिन स्थानीय लोगों को यह सक्रियता घटना के बाद की औपचारिकता ज्यादा लग रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती के मौके पर जुलूस और कार्यक्रम चल रहे थे, तब प्रशासन की मौजूदगी न के बराबर थी। लोगों के मुताबिक जिस दिन सुरक्षा की सबसे ज्यादा जरूरत थी, उस दिन प्रशासन नजर नहीं आया। बांकेगंज के मोतीपुर में हुई हिंसा के बाद अब प्रशासन का गांव-गांव पहुंचना चर्चा का विषय है। ग्रामीणों का मानना है कि अगर जयंती के दिन पुलिस और प्रशासन सतर्क रहते तो हालात बिगड़ने से रोके जा सकते थे। निरीक्षण के दौरान लेखपाल अखिलेश गुप्ता, नीमगांव पुलिस और बेहजम चौकी प्रभारी भी दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ मौजूद रहे। भारी पुलिस बल की मौजूदगी से लोग आपस में कयास लगाते नजर आए कि आखिर ऐसा क्या हुआ है, जिसके चलते प्रशासनिक अमला इतनी संख्या में क्षेत्र में दौरा कर रहा है। हालांकि प्रशासन लगातार शांति व्यवस्था बनाए रखने की बात कह रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर लोगों में असंतोष साफ दिखाई दे रहा है।


धवरपुर में दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ तैनात पुलिस जवान।


सुबह सड़क से झाड़ू लगवाकर शीशा और पत्थर हटवाते अधिकारी। • अमृत विचार


इसी जगह आंबेडकर प्रतिमा रखने को लेकर शुरू हुआ विवाद। • अमृत विचार


पुलिस छावनी में तब्दील मोतीपुर गांव। • अमृत विचार

# जली गाड़ियां, टूटे शीशे, मोतीपुर बवाल की सुबह ने खोल दी सच्चाई

## लखीमपुर खीरी बवाल: पांच घंटे चला उपद्रव, सुबह उजागर हुई तबाही, गांव में सन्नाटा, पुलिस की कड़ी निगरानी

- घटना स्थल पर कई चार पहिया वाहन पूरी तरह जलकर हो चुके थे राख

लखीमपुर खीरी/बांकेगंज

**अमृत विचार:** मोतीपुर गांव में बवाल के बाद बुधवार की सुबह हालात ने रात के बवाल की भयावह कहानी साफ कर दी। गांव की सड़कों पर जली हुई गाड़ियां, बिखरे पड़े वाहनों के शीशे, पलटे और क्षतिग्रस्त वाहन तथा चारों ओर फैले ईंट-पत्थर इस बात का प्रमाण दे रहे थे कि रात में हालात किस कदर बेकाबू हो गए थे। घटना स्थल पर कई चार पहिया वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे। कुछ वाहन ऐसे पलटे पड़े थे।

सड़कों पर दूर-दूर तक कांच के टुकड़े और पत्थर बिखरे थे, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उपद्रव के दौरान जमकर पथराव हुआ। कई स्थानों पर सड़कें मलबे से अटी पड़ी थीं, जिससे आवागमन भी प्रभावित रहा। ग्रामीणों के अनुसार शाम करीब साढ़े चार बजे से शुरू हुआ विवाद धीरे-धीरे हिंसक टकराव में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद हालात अचानक बिगड़ गए और उपद्रवियों ने वाहनों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। उपद्रवियों ने आने-जाने वाहनों को निशाना बनाया। उनके शीशे तोड़ डाले और आग लगाने की कोशिश की। दो कारों को नहर में गिरा दिया गया।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की सरकारी गाड़ियों को में आगजनी की घटनाएं भी होने लगीं, जिससे पूरे गांव में दहशत फैल गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए घरों में दुबक गए। करीब पांच घंटे तक गांव में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। रात करीब साढ़े नौ बजे जब जिले की पुलिस और पीएसी संग भारी पुलिस बल पहुंचा और मोर्चा संभाला तब जाकर बेकाबू हालातों पर प्रशासन काबू पा सका। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बवाल के दौरान कई राउंड पथराव हुआ, जिससे कई वाहनों के शीशे चकनाचूर हो गए। आगजनी के कारण कई गाड़ियां धू-धू कर जलती रहीं और किसी में आग बुझाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया।

सुबह जब लोग अपने घरों से बाहर निकले तो गांव का मंजर बदला हुआ था। जहां रोजमर्रा की चहल-पहल रहती थी, वहां सन्नाटा पसरा था। हर गली और सड़क पर बिखरी तबाही देखकर लोग सहम गए। कई परिवार अब भी भय के माहौल में हैं और स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं, लेकिन नियंत्रण में है। घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस गांव में लगातार गश्त कर रही है और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

प्रशासन के अधिकारी भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। साथ ही, बवाल में शामिल उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही है।


पुलिस से बातचीत करते भारतीय दिलीप पैंथर के राष्ट्रीय संयोजक मनोज भारती। • अमृत विचार


मोतीपुर गांव में दूसरे दिन मौजूद सीओ गोला रमेश कुमार तिवारी। • अमृत विचार

## बिना अनुमति कार्यक्रम, चूका प्रशासन, भड़का बवाल

टीएन अवस्थी, लखीमपुर खीरी

- सुबह से बन रहा था तनाव का माहौल, देर से कार्रवाई ने हिंसा को दिया मौका

**अमृत विचार :** अंबेडकर मूर्ति स्थापना को लेकर हुआ विवाद अब प्रशासनिक लापरवाही की बड़ी कहानी बनकर सामने आया है। बिना किसी आधिकारिक अनुमति के आयोजित कार्यक्रम को समय रहते न रोक पाना प्रशासन की सबसे बड़ी चूक साबित हुई, जिसका नतीजा हिंसा और बवाल के रूप में सामने आया।जिस स्थान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, वह पहले से ही विवादित था। इसके बावजूद आयोजकों ने बिना अनुमति मूर्ति स्थापना की तैयारी शुरू कर दी। सुबह से ही दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई थी और किसी भी समय हालात बिगड़ने की आशंका साफ नजर आ रही थी। हैरानी की बात यह रही कि पुलिस और प्रशासन को इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी होने के बावजूद उन्होंने मौके पर पहुंचकर न तो कार्यक्रम को रोका और न ही किसी तरह की सख्ती दिखाई। यही लापरवाही आगे चलकर हालात को बेकाबू करने का कारण बनी। विवाद उस समय और गहरा गया जब विवादित जमीन पर अंबेडकर मूर्ति रख दी गई। दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया, लेकिन स्थिति संभालने के बजाय प्रशासन की निष्क्रियता बनी रही। जब हालात पूरी तरह बिगड़ने लगे, तब पुलिस हरकत में आई और अनुमति न होने का हवाला देकर मूर्ति हटाने की कोशिश की। पुलिस की इस देर से की गई कार्रवाई ने स्थिति को और भड़का दिया। मौके पर मौजूद लोग आक्रोशित हो गए और देखते ही देखते मामला हिंसा में बदल गया। उपद्रवियों ने आगजनी, तोड़फोड़ और मारपीट की घटनाओं को अंजाम दिया, जिसमें राहगीरों और पुलिसकर्मियों को भी निशाना बनाया गया। एसडीएम गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी ने साफ तौर पर कहा है कि कार्यक्रम के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी। वहीं पूरे घटनाक्रम को देखते हुए यह भी चर्चा तेज है कि यह हिंसा पूरी तरह आकस्मिक नहीं, बल्कि एक सुनियोजित योजना का हिस्सा हो सकती है। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब सुबह से ही तनाव की स्थिति बनी हुई थी तो प्रशासन ने पहले ही सख्ती क्यों नहीं दिखाई? क्या समय रहते कार्रवाई कर इस बवाल को रोका जा सकता था? घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोग मांग कर रहे हैं कि इस मामले में सिर्फ उपद्रवियों के खिलाफ ही नहीं, बल्कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## दलित पैंथर का आरोप: पुलिस का दोहरा रवैया

**लखीमपुर खीरी।** मोतीपुर बवाल को लेकर भारतीय दलित पैंथर के राष्ट्रीय सह संयोजक मनोज भारती ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में पुलिस का दोहरा चरित्र सामने आया है। मोतीपुर गांव पहुंचे मनोज ने कहा कि मितौली क्षेत्र में ग्राम समाज की भूमि पर बिना अनुमति शिव मंदिर और यज्ञशाला का निर्माण कराया गया था, जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस को ज्ञापन देकर की थी। उस समय पुलिस ने आश्वासन दिया था कि बिना अनुमति किसी को भी निर्माण कार्य नहीं करने दिया जाएगा, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहा और उसे नहीं रोका गया। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत मोतीपुर गांव में जब दलित समाज के लोग बिना अनुमति डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर रहे थे, तो उन्हें रोकते हुए मारपीट कर भगा दिया गया, जो कि पुलिस के भेदभावपूर्ण रवैये को दर्शाता है।

**सोशल मीडिया के दो ग्रुपों के एडमिन पर रिपोर्ट दर्ज : लखीमपुर खीरी।** बांकेगंज के गांव मोतीपुर में आंबेडकर प्रतिमा को लेकर हुए विवाद के बाद सोशल मीडिया पर भ्रामक और भड़काऊ सूचनाएं फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। जांच के बाद दो सोशल मीडिया अकाउंट के एडमिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घटना के बाद देर रात आईजी किरन एस लखीमपुर पहुंचे और समीक्षा की। इससे पहले ही हालात सामान्य कर लिए गए थे। बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## कांग्रेस का हमला: समय रहते बैठक होती तो टल सकता था बवाल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** बांकेगंज में हुई घटना को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने बयान जारी कर घटना को निंदनीय बताते हुए पुलिस और तहसील प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जब मामला पहले से ही प्रशासन के संज्ञान में था, तब समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यदि 13 अप्रैल की शाम को ही गणमान्य नागरिकों की बैठक बुलाकर स्थिति स्पष्ट कर दी जाती, तो इतनी बड़ी घटना टल सकती थी। जिस स्थान पर प्रतिमा रखी गई, वह पहले से ही विवादित था और प्रशासन की जानकारी में भी था। ऐसे में वहां प्रतिमा कैसे पहुंची, कैसे स्थापित हुई और फिर उसे हटाने की नौबत क्यों आई। यह पूरी तरह प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने पूरे घटनाक्रम को बेहद निंदनीय बताते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि जनपद में कानून-व्यवस्था बनी रहे और सामाजिक सौहार्द प्रभावित न हो।


उपद्रवियों द्वारा कार का तोड़ा गया शीशा। • अमृत विचार


**आवश्यकता है**

- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
- वार्ड बॉय/वार्ड आया

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497





भगौता देवी के घर में टूटी टीवी और टायलेट का दरवाजा।


**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने प्रस्तावित परिसीमन अभ्यास के खिलाफ 16 अप्रैल को पूरे राज्य में काले झंडे दिखाकर प्रदर्शन की घोषणा की और केंद्र को चेतावनी दी कि यदि उसने तमिलनाडु की आवाज पर ध्यान नहीं दिया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे और भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष स्टालिन ने परिसीमन पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पार्टी सांसदों और पार्टी जिला सचिवों की एक आपात बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कहा कि हमारे सिर पर लटकी तलवार अब हम पर आ गिरी है। कहा–द्रमुक सभी राज्यों के सांसदों से संपर्क साध रही है और इस गंभीर खतरे का मुकाबला करने के लिए समन्वित रणनीति तैयार कर रही है। स्टालिन ने आरोप लगाया कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा बृहस्पतिवार को संसद में लाया जाने वाला परिसीमन संशोधन तमिलनाडु और दक्षिणी राज्यों के खिलाफ एक घोर ऐतिहासिक अन्याय है।


चुनाव प्रचार के दौरान टीवीके प्रमुख विजय।

# विजय ने चुनाव लड़कर दो सीटों को हाई-प्रोफाइल बनाया

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए अभिनेता– राजनेता विजय द्वारा चेन्नई के पेरम्बूर और तिरुचिरापल्ली पूर्व दो सीट से चुनाव लड़ने के विकल्प को चुनने के बाद ये दोनों सीट 'हाई–प्रोफाइल' निर्वाचन क्षेत्र बन गईं हैं। तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय, एक ही साथ दो सीट से चुनाव लड़ने वाले पहले नेता नहीं हैं। जे. जयललिता ने 1991 में बरगुर और कांगेयम सीट से चुनाव लड़ा और दोनों सीट पर जीत हासिल की थी। उन्होंने ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की भारी जीत के बाद बरगुर सीट को बरकरार रखने का फैसला किया और कांगेयम सीट छोड़ दी थी, जिसके बाद वह पहली बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनीं। पुथिया तमिलगम पार्टी के संस्थापक के. कृष्णासामी ने 2016 के चुनावों में दो आरक्षित सीट ओट्टापिडारम और वालपराई से चुनाव लड़ा तथा वह दोनों में हार गए थे। विजय द्वारा चुने गए दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में काफी संख्या में श्रमिक वर्ग निवास करते हैं और ईसाइयों का एक बड़ा हिस्सा भी मौजूद है।

नववर्ष का उत्साह



कंबोडिया के नोम पेन्ह शहर में शाही महल के सामने एक मुख्य सड़क पर खमेर नव वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित संक्रांत परेड में प्रदर्शन करने के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करते कंबोडियाई नर्तक।

# ईरान की परमाणु गतिविधियों की जांच के हों विस्तृत उपाय

- आईएईए प्रमुख बोले-समझौते में इन उपायों को शामिल किया जाए

सियोल, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए के प्रमुख ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच किसी भी संभावित समझौते में ईरान की परमाणु गतिविधियों के सत्यापन हेतु बहुत विस्तृत उपायों को शामिल किया जाना चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के लिए एक संपूर्ण सत्यापन व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना युद्ध का एक प्रमुख लक्ष्य है। ईरान ने पहले कहा था कि वह एटम हथियार विकसित नहीं कर रहा है, लेकिन परमाणु कार्यक्रम पर किसी भी रोक को मानने से उसने इनकार किया है। पिछले सप्ताहांत पाकिस्तान में दोनों देशों के बीच हुई वार्ता का पहला दौर किसी समझौते पर नहीं पहुंच सका। व्हाइट हाउस ने कहा कि ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं मुख्य अड़चन थीं। हालांकि, ईरान के एक राजनयिक ने बंद कमरे में हुई वार्ता की संवेदनशीलता के कारण नाम गुप्त रखने की शर्त पर बातचीत में इस बात से इनकार किया कि वार्ता ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं के कारण विफल हुई। ग्रॉसी ने सियोल में कहा, ईरान का परमाणु कार्यक्रम बहुत महत्वाकांक्षी और व्यापक है, इसलिए इसमें आईएईए निरीक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। अन्यथा, कोई समझौता नहीं होगा। समझौता सिर्फ एक भ्रम बनकर रह जाएगा। कहा कि परमाणु प्रौद्योगिकी पर किसी भी समझौते के लिए विस्तृत सत्यापन तंत्र की आवश्यकता होती है। सदस्य देशों को दी गई आईएईए की एक गोपनीय रिपोर्ट में कहा गया है ईरान ने अपनी उस परमाणु इकाई तक आईएईए को पहुंच की अनुमति नहीं दी जिसे निशाना बनाकर जून में 12 दिनों के युद्ध के दौरान इजराइल और अमेरिका द्वारा बमबारी की गई थी। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि इस बात की पुष्टि नहीं की जा सकती कि ईरान ने संवर्धन से संबंधित सभी गतिविधियों को निलंबित कर दिया है या नहीं, या प्रभावित परमाणु इकाई में ईरान के यूरेनियम भंडार का आकार क्या है।



### ईरान लंबे समय से अपने परमाणु कार्यक्रम को बताता रहा है शांतिपूर्ण

ईरान लंबे समय से अपने कार्यक्रम को शांतिपूर्ण बताता रहा है, लेकिन आईएईए और पश्चिमी देशों का कहना है कि तेहरान का 2003 तक एक संगठित परमाणु हथियार कार्यक्रम था। आईएईए का दावा है कि ईरान के पास 440 .9 किलोग्राम यूरेनियम का भंडार है, जिसे 60 प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धित किया गया है, जो 90 प्रतिशत शुद्धता के हथियार–स्तरीय स्तर से बस एक तकनीकी कदम दूर है। ग्रॉसी ने पहले कहा था कि यदि ईरान अपने कार्यक्रम को हथियार बनाने की ओर मोड़ने का निर्णय लेता है, तो इस भंडार से वह 10 परमाणु बम बना सकता है। आईएईए के दिशानिर्देशों के अनुसार, इस तरह के अत्यधिक संवर्धित परमाणु पदार्थ का सामान्यत: हर महीने सत्यापन किया जाना चाहिए। बुधवार के संवाददाता सम्मेलन के दौरान, ग्रॉसी ने यह भी कहा कि उनकी एजेंसी ने उत्तर कोरिया में परमाणु इकाइयों पर गतिविधियों में तेज वृद्धि की पुष्टि की है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान को हथियारों की आपूर्ति नहीं करेगा चीन

**काहिरा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दावा किया कि चीन, ईरान को हथियार नहीं देने पर सहमत हो गया है। उनका दावा ऐसे समय आया है जब खबरें है कि चीन हथियारों की आपूर्ति पर विचार कर रहा है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि चीन मेरे द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को स्थायी रूप से खोलने से बहुत खुश है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि चीन ने ईरान को हथियार न भेजने पर सहमति जताई है। ऐसा प्रतीत होता है कि वह इन दोनों बातों को आपस में जोड़ना चाह रहे थे। राष्ट्रपति ने मंगलवार को एक साक्षात्कारकर्ता को बताया था कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ईरान को हथियार भेजने से इनकार किया है।

### छात्र ने स्कूल में की गोलीबारी, 9 की मौत

**अंकारा।** दक्षिणपूर्वी तुर्किये के एक स्कूल में बुधवार को एक छात्र ने गोलीबारी की, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। कहरामनमारास प्रांत के गवर्नर मुकेरम उनलुएर ने कहा कि हमलावार छात्र अपने पिता की बंदूक लेकर आया था। हमलावर स्वयं भी मारा गया। हमलावार छात्र के पिता पुलिस अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक शिक्षक भी शामिल है। हमले के पीछे का मकसद अभी तक पता नहीं चल सका है।

### रूस-चीन के संबंध मौजूदा दौर में बहुमूल्य

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को कहा कि बदलावों और उथल–पुथल के दौर से गुजर रहे अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में चीन–रूस संबंधों में मौजूद स्थिरता और निश्चितता खास तौर पर बहुमूल्य है। बीजिंग में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात के दौरान जिनपिंग ने कहा कि इस तरह की पृष्ठभूमि में दोनों देशों के बीच मैत्री संधि की मजबूत जीवंतता और अनुकरणीय महत्व और भी अधिक स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया है।

### अधिकारियों की संपत्ति की जांच को आयोग

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने बुधवार को राजनेताओं और वरिष्ठ नौकरशाहों समेत लोक पदाधिकारियों की संपत्तियों की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया। सरकारी प्रवक्ता और शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सस्मित पोखरेल ने बताया कि यह निर्णय प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। पांच सदस्यीय जांच आयोग की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश राजेंद्र कुमार भंडारी करेंगे। समिति में पूर्व न्यायाधीश चंडी राज ढकाल और पुरुषोत्तम पराजुली, नेपाल पुलिस के पूर्व डीआईजी गणेश केसी और चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रकाश लमसाल भी सदस्य हैं।

# अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता फिर से शुरू होने की उम्मीदें बढ़ीं

## ट्रंप ने कहा-पश्चिम एशिया में शांति के लिए एक-दो दिन में हो सकती है वार्ता

काहिरा, एजेंसी

संघर्षरत अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बातचीत शुरू होने की उम्मीदें उस समय बढ़ गईं, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि आने वाले एक दो दिन में पश्चिम एशिया में शांति के लिए दूसरे दौर की बातचीत हो सकती है। इस बीच, अमेरिकी सेना ने कहा कि ईरानी बंदरगाहों की उसकी नाकाबंदी पूरी तरह से प्रभावी है।

ईरान ने भी इलाके में मौजूद लक्ष्यों पर हमला करके जवाबी कार्रवाई करने की धमकी दी है। ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि वार्ता का दूसरा दौर अगले दो दिनों में शुरू हो सकता है। उन्होंने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया कि कूटनीतिक रास्तों से बातचीत बहाल करने के लिए काम हो रहा है और यह बातचीत इस्लामाबाद में हो सकती है। क्षेत्रीय अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि अमेरिका और ईरान और दो सप्ताह युद्धविराम बढ़ाने को लेकर सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गए है, जो 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है, ताकि कूटनीति समाधान के लिए और समय मिल सके। मध्यस्थता प्रयासों में शामिल एक अधिकारी ने कहा कि मध्यस्थ तीन मुख्य विवादित बिंदुओं - ईरान के परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज जलडमरूमध्य और ईरान को युद्ध के दौरान हुए नुकसान के मुआवजे - पर समझौता करने के लिए काम कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार के साथ हुई अपनी बैठक का हवाला देते हुए कहा कि वार्ता फिर से शुरू होने की प्रबल संभावना है।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के कार्यालय ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बुधवार को सऊदी अरब की यात्रा पर जाएंगे, क्योंकि उनका देश नई वार्ता में मध्यस्थता करने के लिए प्रयासरत है, और इसके बाद वह शुक्रवार को तुर्किये में शुरू हो रहे अनातलिया शांति मंच में शिरकत करेंगे। युद्ध समाप्त होने की उम्मीदों की वजह से तेल की कीमतों में गिरावट आई है।



### पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ईरान पहुंचा

**इस्लामाबाद।** अमेरिकी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के नेतृत्व में एक पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल बुधवार को तेहरान पहुंचा। यह प्रतिनिधिमंडल अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष को सुलझाने के इस्लामाबाद के प्रयासों का हिस्सा है। सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि मुनीर उस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं जिसमें गृह मंत्री मोहसिन नकवी भी शामिल हैं। इसमें कहा गया है, फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और गृह मंत्री मोहसिन नकवी प्रतिनिधिमंडल के साथ जारी मध्यस्थता प्रयासों के तहत तेहरान पहुंचे हैं। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बुधवार को सऊदी अरब, कतर और तुर्कीये की आधिकारिक यात्राओं पर रवाना हुए।

### इजराइल-लेबनान के राजदूतों में भी वार्ता

इस बीच, वाशिंगटन में दशकों बाद इजराइल और लेबनान के राजदूतों के बीच हुई पहली सीधी वार्ता मंगलवार को सकारात्मक रही। इजराइली राजदूत येचिएल लीटर ने कहा कि दोनों देश चरमपंथी हिजबुल्ला से लेबनान को मुक्त कराने के मामले में एकमत हैं। लेबनान की राजदूत नादा हमादेह मोवाद ने बैठक को रचनात्मक बताया, इजराइल और ईरान समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथियों के बीच जारी संघर्ष समाप्त करने की अपील की। मार्च से चल रहे इस युद्ध के कारण लेबनान में 10 लाख से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। इजराइल और लेबनान 1948 में इजराइल की स्थापना के बाद से ही युद्ध की स्थिति में हैं।

# श्रीलंका ने 230 ईरानी नौसैनिकों को स्वदेश भेजा

**कोलंबो।** श्रीलंका में अमेरिकी पनडुब्बी हमले और इंजन फेल होने की घटनाओं के बाद संकट में फंसे ईरानी नौसेना के दो जहाजों के 230 से अधिक नाविकों को स्वदेश भेज दिया गया है। रक्षा अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कुल 238 नाविकों को मंगलवार देर रात तुर्किये की एक एयरलाइन के विमान से वापस भेजा गया। चार मार्च को ईरान का नौसैनिक जहाज 'आइरिस डेना' श्रीलंका के अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र के बाहर अमेरिकी हमले का शिकार हुआ था, जिसमें 84 नाविकों की मौत हो गई थी।

इस घटना में 32 अन्य लोगों को श्रीलंका ने बचाया था। इसके तीन दिन बाद ईरान के दूसरे जहाज 'आइरिस बुशहर' को इंजन खराब होने की सूचना के बाद श्रीलंका के जल क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति दी गई थी। इस जहाज पर सवार 200 से अधिक लोगों को कोलंबो के पास स्थित नौसेना के वेलिसारा केंद्र में ठहराया गया।

# अमेरिकी रक्षामंत्री हेगसेथ के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव

- ईरान के मुद्दे पर प्रतिनिधि सभा में पांच सूत्रीय प्रस्ताव पेश

वॉशिंगटन, एजेंसी



अमेरिकी प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) में डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के खिलाफ पांच सूत्रीय महाभियोग प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें उन पर सत्ता के दुरुपयोग, युद्ध अपराध और ईरान में सैन्य अभियानों चलाने सहित कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

प्रतिनिधि यास्मीन अंसारी के नेतृत्व में लाए गए इस प्रस्ताव को आठ अन्य डेमोक्रेटिक सांसदों का समर्थन प्राप्त है, जिनमें स्टीव कोहेन, जैस्मीन क्रॉकेट, निकेमा विलियम्स, दीना टाइटस, डेविड मिन, श्री थानेदार, ब्रिटनी पेटर्सन और सारा मैकब्राइड शामिल हैं। सात पन्नों के इस प्रस्ताव के पहले अनुच्छेद में हेगसेथ पर कांग्रेस की अनिवार्य मंजूरी के बिना ईरान के खिलाफ अनधिकृत युद्ध शुरू करने और संवैधानिक प्रक्रियाओं की अनदेखी कर अमेरिकी सैन्य कर्मियों को जोखिम में डालने का आरोप लगाया गया है। दूसरे अनुच्छेद में उन पर सशस्त्र संघर्ष के कानूनों के उल्लंघन का आरोप है, जिसमें कहा गया है कि उनके कार्यकाल में ऐसी सैन्य कार्रवाइयां हुईं जिनसे ईरान में एक बालिकाओं के स्कूल सहित कई अन्य नागरिक बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचा और आम नागरिक हताहत हुए। प्रस्ताव में सिग्नलगेट विवाद का भी उल्लेख किया गया है, जिसके तहत रक्षा मंत्री पर संवेदनशील सैन्य सूचनाओं के प्रबंधन में लापरवाही बरतने का आरोप है।

## नाकाबंदी जारी रही तो फारस की खाड़ी बंद कर देंगे : ईरान

**काहिरा।** ईरान की संयुक्त सैन्य कमान के कमांडर ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ईरानी बंदरगाहों से अपनी नाकेबंदी नहीं हटाता है, तो ईरान फारस की खाड़ी, ओमान सागर और लाल सागर में निर्यात एवं आयात पूरी तरह बंद कर देगा। ईरान की सरकारी मीडिया ने कमांडर अली अब्दुल्लाही के हवाले से कहा कि ईरान अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता और हितों की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित रहेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नाकाबंदी युद्धविराम का उल्लंघन है। इजराइल और अमेरिका ने जब ईरान पर हमले शुरू किए थे, तब ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से बंद कर दिया था। सोमवार को अमेरिका ने ईरानी बंदरगाह क्षेत्रों में प्रवेश करने या बाहर निकलने की कोशिश कर रहे जहाजों की नाकाबंदी शुरू कर दी और कहा कि वह फारस की खाड़ी में अन्य जहाजों के आवागमन की स्वतंत्रता में बाधा नहीं डालेगा।

# पंजाब में बस पलटने से आठ श्रद्धालुओं की मौत, 19 घायल

चंडीगढ़, एजेंसी

- आनंदपुर साहिब से लौट रही थी बस, 40 यात्री थे सवार

आनंदपुर साहिब से श्रद्धालुओं को लेकर लौट रही एक बस पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में पलट गई, जिससे उसमें सवार आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात करीब 10 बजे बस्सी पठाना के मोरिंडा-चुन्नी रोड क्षेत्र में हिम्मतपुरा के पास हुई। बस में सवार सभी श्रद्धालु फतेहगढ़ साहिब के मेन माजरी के निवासी थे और बैसाखी के अवसर पर रूपनगर जिले के आनंदपुर साहिब से मत्था टेकने के बाद लौट रहे थे। फतेहगढ़ साहिब के एसएसपी शुभम अग्रवाल ने कहा, बस में करीब 40 श्रद्धालु सवार थे। फतेहगढ़ साहिब के डीएसपी राज कुमार ने बताया कि पहले इस घटना में एक महिला सहित छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 21 लोग घायल हो गए थे। लेकिन बाद में दो अन्य घायलों ने दम तोड़ दिया। घायलों को फतेहगढ़ साहिब, बस्सी पठाना और रूपनगर जिला स्थित मोरिंडा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

# कैलिफोर्निया विस ने बैसाखी पर्व को प्रदान की मान्यता

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर बैसाखी को सिख-अमेरिकियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक के रूप में मान्यता दी है और राज्य के लोगों को बैसाखी के पर्व पर होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

यह प्रस्ताव विधानसभा सदस्य जसमीत कौर बैंस द्वारा पेश किया गया, जिसे 80 सदस्यीय सदन में से 76 सदस्यों का समर्थन मिला और इसे बैसाखी की पूर्व संध्या पर सोमवार को पारित किया गया।

# दिल्ली में मुठभेड़ के बाद छह बांग्लादेशी डकैत गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- देश के कई राज्यों में वारदातों को अंजाम देता था यह गिरोह

दिल्ली पुलिस ने सराय काले खां के पास आधी रात को हुई मुठभेड़ के बाद बांग्लादेश स्थित डकैतों के एक गिरोह के छह कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि यह गिरोह कई राज्यों में डकैती और हत्या की वारदात को अंजाम देने में शामिल था और घटना के बाद पड़ोसी देश भाग जाता था।

पुलिस ने दावा किया कि गिरोह संभावित लक्ष्यों की पहचान करने के लिए पूरे भारत में स्थानीय संपर्कों और रिश्तेदारों के नेटवर्क का इस्तेमाल करता था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, बांग्लादेश के बागेरहाट जिले के रहने वाले इन आरोपियों को एक गुप्त सूचना के आधार पर 14 और 15 अप्रैल की दरमियानी रात को अपराध शाखा ने रंगदारी एवं अपहरण विरोधी प्रकोष्ठ द्वारा चलाए गए एक अभियान के दौरान पकड़ा गया। गिरोह ने भारत-बांग्लादेश सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था और दक्षिण दिल्ली में डकैती डालने की साजिश रच रहा था।

सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने सराय काले खां श्मशान घाट के पास सुनसान वन क्षेत्र में जाल बिछाया। संदिग्धों को पकड़ने की कोशिश की गई, तो उन्होंने गोलीबारी कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और उनमें से छह को काबू कर लिया। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह दिल्ली और गोवा, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और ओडिशा सहित अन्य राज्यों में वारदात करो और छिप जाओ रणनीति का उपयोग करते हुए पिछले कई वर्षों से सक्रिय था।

## केजरीवाल की सुनवाई संबंधी वीडियो को हटाने का निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय प्रशासन ने पुलिस को आबकारी नीति मामले में आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल की याचिका से संबंधित अदालती कार्यवाही की अनधिकृत रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया से हटाने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया है। वहीं, एक शिकायत में क्लिप साझा करने वाले पार्टी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। अधिवक्ता वैभव सिंह ने केजरीवाल और अन्य लोगों के खिलाफ अनधिकृत रूप से वीडियो रिकॉर्ड करने और प्रसारित करने के आरोप में रजिस्ट्रार जनरल को अपनी शिकायत बुधवार को प्रस्तुत की। हालांकि उन्हें सूचित किया गया कि उच्च न्यायालय ने पहले ही वीडियो का संज्ञान ले लिया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज दिन की शुरुआत सामान्य रहेगी, लेकिन कार्यों में धीरे–धीरे प्रगति होगी। किसी पुराने कार्य को पूरा करने का अवसर मिलेगा।

**वृष** — आज का दिन अनुकूल रहेगा और कार्य योजनाबद्ध तरीके से पूरे होंगे। मित्रों और परिवार का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** — आज आपकी बुद्धि और संवाद कौशल से कार्यों में सफलता मिलेगी। नए संपर्क बनेंगे और कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी।

**कर्क** — आज की शुरुआत थोड़ी भावनात्मक हो सकती है, लेकिन धीरे–धीरे संतुलन बना रहेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा और कार्यक्षेत्र में स्थिति सुधरेगी।

**सिंह** — आज आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और कार्यों में सफलता मिलेगी। नए अवसर प्राप्त होंगे और संपर्कों से लाभ मिलेगा। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

**कन्या** — आज दिन की शुरुआत व्यस्तता के साथ होगी, कार्य धीरे–धीरे पूरे होंगे। आपकी योजना सफल होगी और कार्यक्षेत्र में सम्मान मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला** — आज का दिन संतुलित रहेगा और कार्यों में प्रगति होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा और नए अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज कार्यों में रुकावट आ सकती है। धैर्य रखने पर स्थिति सुधरेगी। शाम तक लाभ के संकेत मिलेंगे। यात्रा से स्थिति मजबूत बनेगी।

**धनु** — आज भाग्य आपका साथ देगा और कार्यों में सफलता मिलेगी। नए कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल है।


**मकर** — आज का दिन संतुलित रहेगा और कार्य समय पर पूरे होंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा और वातावरण सकारात्मक रहेगा।

**कुंभ** — आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और कार्यों में सफलता मिलेगी। नए संपर्क लाभकारी होंगे और सामाजिक मान–सम्मान बढ़ेगा।

**मीन** — आज थोड़ी उलझन हो सकती है, लेकिन धीरे–धीरे स्थिति स्पष्ट होगी। कार्यों में प्रगति मिलेगी और परिवार का सहयोग रहेगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 16 अप्रैल, गुरुवार 2026 संवत–2083, शक संवत 1948 मास– वैशाख, पक्ष– कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी 20 .11 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**दिशाशूल**–दक्षिण, **ऋतु**– वसंत।
**चन्द्रबल**– वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**–उत्तर भाद्रपद 13 .59 तक तत्पश्चात रेवती।

### सुडोकू - 120 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 7 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 | 9 | 6 |

### सुडोकू -121

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | | | 5 | | | 9 |
| | | 7 | | 4 | | | 8 | |
| 2 | | | | | 6 | | | |
| | | 5 | | | 8 | | | 1 |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| 4 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | | 2 | | | 6 | | 3 |
| | 4 | | | 5 | | | | |
| 9 | | | 3 | | | | 4 | 7 |

# अंडमान सागर में मलेशिया जा रही नौका डूबी, 250 लापता

**ढाका, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी और प्रवासन एजेंसियों ने बताया कि हाल ही में अंडमान सागर में मलेशिया जा रही एक नाव पलटने से कम से कम 250 लोग लापता हो गए हैं, जिनमें रोहिंग्या शरणार्थी और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं।

हालांकि विवरण अभी स्पष्ट नहीं हैं लेकिन बांग्लादेश तटरक्षक बल के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कमांडर सब्बीर आलम सुजान ने बुधवार को बताया कि नौ अप्रैल को नौ लोगों को बचाया गया, जिनमें तीन रोहिंग्या और छह बांग्लादेशी शामिल हैं। सुजान ने बताया कि बांग्लादेश के ध्वजवाहक पोत एम.टी. मेघना प्राइड ने इन नौ लोगों को तब बचाया, जब जहाज के चालक दल ने नाव पलटने के बाद उन्हें समुद्र में तैरते हुए पाया। इस घटना के बाद किसी खोज अभियान की स्थिति बुधवार तक स्पष्ट नहीं हो सकी और न ही यह पता है कि नौका कब डूबी। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त और अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने मंगलवार को जारी संयुक्त बयान में कहा कि यह नाव टेकनाफ से रवाना हुई थी।

संयुक्त राष्ट्र

सुधारों पर हुई बैठक में बोले भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी सैनी

# सुरक्षा परिषद में बढ़ें वीटो शक्ति वाले स्थायी सदस्य

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कोई भी सुधार, यदि वीटो शक्ति वाले स्थायी सदस्यों की श्रेणी में विस्तार के साथ नहीं किया जाता है, तो संयुक्त राष्ट्र की इस इकाई में असंतुलन, असमानताएं बनी रहेंगी।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनि हरीश ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) बैठक में कहा कि वीटो के साथ या उसके बिना एक नयी श्रेणी पर विचार करने से व्यापक विचारों वाली पहले से जारी चर्चा जटिल हो जाएगी। उन्होंने कहा कि दो मूलभूत कारण हैं, जिनकी वजह से संरचना असंतुलित बनती है और परिषद की वैधता व प्रतिनिधित्व पर सवाल उठते हैं-ये हैं सदस्यता और वीटो अधिकार। हरीश ने कहा कि 80 साल से अधिक पहले बनी इसकी संरचना आज की बदलती वैश्विक-राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप नहीं हैं। भारतीय राजदूत ने याद किया कि 1960 के दशक में परिषद में किये गए उस एकमात्र सुधार से वीटो का अधिकार रखने वाले देशों की ताकत और बढ़ गई जिसके तहत केवल अस्थायी श्रेणी में विस्तार किया गया था। तुलनात्मक रूप से देखें तो पहले वीटो अधिकार वाले स्थायी सदस्यों और अस्थायी सदस्यों का अनुपात 5:6 था, जिसे बाद में बदलकर 5:10 कर दिया गया। इससे वीटो का अधिकार रखने वाले देशों को अपेक्षाकृत अधिक फायदा मिला।

### सुरक्षा परिषद 21वीं सदी के लिए उपयुक्त नहीं

भारत दशकों से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है, जिसमें इसके स्थायी और अस्थायी दोनों वर्गों का विस्तार शामिल है। भारत का कहना है कि 1945 में स्थापित 15 देशों की यह परिषद 21वीं सदी के लिए उपयुक्त नहीं है और समकालीन भू–राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है। भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि वह परिषद में स्थायी सीट का हकदार है। उन्होंने कहा, अतीत में ऐसे उदाहरण सामने आए हैं जहां निर्वाचित सदस्यों ने केवल अपने संकीर्ण स्वार्थों को पूरा करने के लिए अपने प्रभावी वीटो का प्रयोग करके बाधाएं उत्पन्न की हैं।



यह काफी डरावनी स्थिति थी। मेरे चेहरे पर सीधे एक बॉल लगी। बस कुछ इंच इधर-उधर, अगर मैंने अपना सिर नहीं घुमाया होता तो शायद मैं यह इंटरव्यू नहीं दे रहा होता। यहां गाल की हड्डी के नीचे थोड़ी गड़बड़ थी। मैं काफी लकी रहा। शुक्र है सब कुछ ठीक है।
–बेन स्टोक्स, इंग्लैंड के कप्तान


# स्टेडियम

बरेली, गुरुवार, 16 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


# लखनऊ सुपर जाएंट्स को 5 विकेट से हराकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शीर्ष पर

## रसिख और भुवनेश्वर की मारक गेंदबाजी के बाद कोहली ने खेली शानदार पारी

बेंगलुरु, एजेंसी

रसिख सलाम और भुवनेश्वर कुमार की मारक गेंदबाजी के बाद विराट कोहली की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स को पांच विकेट से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

सुपर जाइंट्स के 147 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कोहली की 34 गेंद में छह चौकों और एक छक्के से 49 रन की पारी की बदौलत 29 गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 149 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कोहली ने देवदत्त पडिक्कल (10) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन भी जोड़े। सुपर जाइंट्स की ओर से प्रिंस यादव (32 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि आवेश खान (23 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट चटकाए लेकिन अपनी टीम को पांच मैच में तीसरी हार से नहीं बचा पाए।

इस जीत से बेंगलुरु की टीम पांच मैच में चार जीत से आठ अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। राजस्थान रॉयल्स के भी आठ अंक हैं लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर है। रसिख (24 रन पर चार विकेट) और भुवनेश्वर (27 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सुपर जाइंट्स की टीम पारी की अंतिम गेंद पर 146 रन पर सिमट गई। कृणाल पंड्या ने भी 38 रन देकर दो विकेट हासिल किए। सुपर जाइंट्स की ओर से सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने सर्वाधिक 40 रन बनाए जबकि मुकुल चौधरी ने 39 और आयुष बडोनी ने 38 रन का योगदान दिया लेकिन तीनों में से कोई भी अच्छी शुरुआत को बड़ी परी में नहीं बदल पाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे बेंगलुरु को कोहली ने तेजतर्रार शुरुआत दिलाई। टीम ने दूसरे ओवर में ही फिल सॉल्ट (07) का विकेट गंवा दिया जो प्रिंस यादव की गेंद को विकेटों पर खेल गए। कोहली ने आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने तीसरे ओवर में मोहम्मद शमी पर दो चौके जड़ने के बाद अगले ओवर में प्रिंस पर चार चौके मारे। कोहली ने दिग्वेश राठी पर छक्के के साथ पांचवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। टीम ने पावर प्ले में एक विकेट पर 60 रन बनाए। देवदत्त पडिक्कल हालांकि 10 रन बनाने के बाद आवेश खान की गेंद पर स्थानापन्न खिलाड़ी हिम्मत सिंह को कैच दे बैठे। कप्तान रजत पाटीदार ने आते ही शमी पर लगातार दो छक्के मारे। आवेश ने इसके बाद बेंगलुरु को बड़ा झटका दिया जब कोहली उनकी गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लॉन्ग ऑन पर निकोलस पूरन को कैच दे बैठे। जितेश शर्मा ने राठी की लगातार गेंदों पर दो छक्के और दो चौकों के साथ 12वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया।

प्रिंस ने पारी के 13वें ओवर में पाटीदार (13 गेंद में 27 रन, तीन छक्के, एक चौका) और जितेश (नौ गेंद में 23 रन, दो छक्के, दो चौके) को पवेलियन भेजकर बेंगलुरु को दोहरा झटका दिया। पाटीदार ने प्रिंस पर छक्का जड़ने के बाद अगली गेंद को हवा में लहराकर राठी को कैच थमाया जबकि एक गेंद बाद जितेश भी विकेटकीपर मुकुल चौधरी को कैच दे बैठे। टिम डेविड (नाबाद 14) ने आते ही राठी पर छक्का और चौका जड़कर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। बेंगलुरु को अंतिम छह ओवर में जीत के लिए सिर्फ 11 रन की दरकार थी और रोमारियो शेफर्ड (नाबाद 14 ) ने आवेश पर छक्का और लिंडे पर चौके के साथ टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले पाटीदार ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। मार्श और एडेन मारक्रम (12) ने सतर्क शुरुआत की। मार्श ने भुवनेश्वर की गेंद को स्टेडियम के बाहर भेजा।



रन लेते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल। एजेंसी

### लखनऊ सुपर जाएंट्स

**146/10** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| मिचेल मार्श बो कृणाल | 40 |
| एडेन मार्करम का पडिक्कल बो रसिख | 12 |
| ऋषभ पंत का सॉल्ट बो भुवनेश्वर | 01 |
| निकोलस पूरन बो हेजलवुड | 01 |
| आयुष बडोनी का जितेश बो रसिख | 38 |
| अब्दुल समद का पाटीदार बो कृणाल | 00 |
| मुकुल चौधरी बो रसिख | 39 |
| जॉर्ज लिंडे का डेविड बो भुवनेश्वर | 07 |
| मोहम्मद शमी बो भुवनेश्वर | 00 |
| आवेश खान बो रसिख | 01 |
| दिग्वेश राठी नाबाद | 00 |

**अतिरिक्त:** 07, **विकेट पतन:** 1-32, 2-35, 3-71, 4-83, 5-118, 6-124, 7-137, 8-137, 9-145

**गेंदबाजी:** भुवनेश्वर 4-0-27-3, हेजलवुड 4-0-20-1, रसिख 4-0-24-4, कृणाल 4-0-38-2, सुयश 4-0-34-0

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**149/5** (15.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिल सॉल्ट बो प्रिंस | 07 |
| विराट कोहली का पूरन बो आवेश | 49 |
| देवदत्त पडिक्कल का हिम्मत बो आवेश | 10 |
| रजत पाटीदार का राठी बो प्रिंस | 27 |
| जितेश शर्मा का चौधरी बो प्रिंस | 23 |
| टिम डेविड नाबाद | 14 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 14 |

**अतिरिक्त:** 05, **विकेट पतन:** 1-9, 2-66, 3-86, 4-121, 5-122

**गेंदबाजी:** शमी 3-0-30-0, प्रिंस 3-0-32-3, राठी 4-0-51-0, आवेश 4-0-23-2, लिंडे 1.1-0-9-0

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 1.503 |
| 2. | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 0.889 |
| 3. | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 0.720 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | 0.576 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.322 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.029 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.804 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.846 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.772 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 5 | 0 | 4 | 1 | 1 | -1.383 |

## अश्विन ने ऋतुराज गायकवाड़ को बल्लेबाजी दृष्टिकोण में बदलाव करने को कहा





**चेन्नई।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में लगातार दो जीत से कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर दबाव कम होगा। उन्होंने इसके अलावा खराब फॉर्म में चल रहे इस सलामी बल्लेबाज को पारी की शुरुआत में अपने दृष्टिकोण में थोड़ा बदलाव करने की सलाह भी दी। पांच बार की चैंपियन सीएसके ने शुरुआत में लगातार तीन हार झेली लेकिन इसके बाद उसने दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शानदार वापसी की। अश्विन ने कहा कप्तान के तौर पर उन्हें दो जीत मिल चुकी हैं, जिससे वह सहज महसूस करेंगे। सच कहूं तो अगर मैं डगआउट में होता या रुतुराज गायकवाड़ होता तो ज्यादा चिंता नहीं करता। टी20 प्रारूप ऐसा है जहां आपको लगातार इरादा दिखाना होता है। गायकवाड़ रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने पांच मैचों में केवल 63 रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 28 है। उनकी असफलता के कारण युवा आयुष म्हात्रे के संजू सैमसन के साथ पारी की शुरुआत करने की भी चर्चा बढ़ रही है। ऐसे में गायकवाड़ के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने की संभावना है। अश्विन ने गायकवाड़ को अपनी पारी की शुरुआत में हवा में शॉट नहीं खेलने की सलाह दी। उन्होंने कहा रुतुराज कुछ ज्यादा ही आक्रामक शॉट खेल रहे हैं और जल्दी आउट हो रहे हैं। अगर वह अपनी पारी की शुरुआत में थोड़ा सहज होकर खेलें, गेंद को सही समय पर खेलने की कोशिश करें और अधिक से अधिक मैदानी शॉट खेलें तो इससे उन्हें फायदा मिल सकता है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सैमसन के शतक ने सीएसके में नई जान फूंकी है। सैमसन ने दिल्ली के खिलाफ नाबाद 115 रन बनाकर शानदार वापसी की और फिर केकेआर के खिलाफ 48 रन बनाए। स्टेन ने कहा उनके उस शतक ने ड्रेसिंग रूम का माहौल बदल दिया। इससे टीम में नहीं ऊर्जा का संचार हुआ है जिससे टीम ने जीत की राह पकड़ ली है। उन्होंने कहा आईपीएल मैच जीतना वाकई मुश्किल है। कभी-कभी जीत काफी करीब होती है फिर भी आप हार जाते हैं। इसलिए एक बार जीत हासिल करने के बाद टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ जाता है।

### IPL 2026

**आज के मुकाबले**

मुंबई इंडियंस बनाम पंजाब किंग्स


**समय** - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप



- विराट कोहली बेंगलुरु-228 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-224 रन
- रजत पाटीदार बेंगलुरु-222 रन

### पर्पल कैप



- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात - 10 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई - 10 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ- 9 विकेट

### हाईलाइट

## दिग्गज शटलर विक्टर एक्सेल्सन ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेल्सन ने बुधवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें यह फैसला करना पड़ा। डेनमार्क का यह 32 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अक्टूबर से पीठ की समस्या के कारण किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया है। उन्होंने इसके लिए सर्जरी भी कराई लेकिन उनका दर्द अब भी बना रहता है। तीन बार के यूरोपीय चैंपियन एक्सेलसन ने बैडमिंटन यूरोप' से कहा जैसा कि अधिकतर लोग जानते हैं कि मैं काफी समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा हूं। पिछले साल अप्रैल में सर्जरी कराने और लंबे समय तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरने के बाद दुर्भाग्य से अक्टूबर में यह दर्द फिर से उबर गया।

## अभिषेक और अक्षर नाडा की आरटीपी सूची में शामिल

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल को इस साल की दूसरी तिमाही के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। आरटीपी में शामिल 348 खिलाड़ियों की नवीनतम सूची में अभिषेक और अक्षर ने स्मृति मंधाना और श्रेयस अय्यर की जगह ली है। इन सभी खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी को अपने ठिकाने की जानकारी देनी होगी और प्रतिदिन एक निश्चित समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होगा। अपने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है। टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और अर्शदीप सिंह पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे। दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं।

# पीएसजी और एटलेटिको मैड्रिड सेमीफाइनल में, बार्सिलोना बाहर

### चैंपियंस लीग

मैड्रिड, एजेंसी

बार्सिलोना दूसरे चरण में जीत के बावजूद क्वार्टर फाइनल में एटलेटिको मैड्रिड से कुल स्कोर में 3-2 से हारने के कारण चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रहा। एटलेटिको मैड्रिड ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण का मैच 2-0 से जीता था जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। बार्सिलोना ने दूसरे चरण का मैच 2-1 से जीता लेकिन यह आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं था।

इस बीच मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लिवरपूल को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से अपने खिताब का बचाव करने की तरफ कदम बढ़ाए। पीएसजी ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मैच की तरह दूसरे चरण के मैच में भी 2-0 से जीत हासिल की। बार्सिलोना के शुरुआती हमलों के बावजूद एटलेटिको मैड्रिड की टीम ने डटकर मुकाबला किया और लगभग एक दशक में पहली बार चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उसने इससे पहले 2017 में इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

बार्सिलोना ने पहले 24 मिनट में दो गोल करके स्कोर बराबर कर दिया था। उसकी तरफ से लामिन यामल और फेरान टोरेस ने गोल दागे। एटलेटिको मैड्रिड ने पहले ही हाफ में अडेमोला लुकमैन के गोल से वापसी की। बार्सिलोना को 79वें मिनट के बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योंकि डिफेंडर एरिक गार्सिया को लाल कार्ड दिखाया गया था।

उधर लिवरपूल में खेले गए क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मैच में पीएसजी ने ओस्मान डेम्बेले के दूसरे हाफ में किए गए दो गोल की मदद से 4-0 की कुल जीत सुनिश्चित की।



गोल बचाने के बाद जश्न मनाती पीएसजी की टीम। एजेंसी

# मुंबई पटरी पर लाना चाहेगा अपना अभियान

- अजेय पंजाब किंग्स के खिलाफ होगा मुकाबला

मुंबई, एजेंसी

पिछले कुछ मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा की संभावित अनुपस्थिति के बावजूद गुरुवार को यहां अब तक अजेय चल रही पंजाब किंग्स की कड़ी चुनौती का डटकर सामना करके आईपीएल में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ पिछले मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण रोहित लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे। हालांकि बुधवार शाम को रोहित वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे और उन्होंने हल्का-फुल्का अभ्यास किया। वह मंगलवार को टीम के अभ्यास सत्र में शामिल नहीं हुए थे। रोहित ने हल्का वार्मअप किया और तेज दौड़ने की कोशिश नहीं की। उन्होंने नेट गेंदबाजों तथा थ्रो डाउन विशेषज्ञों का सामना किया। मुंबई को अब हर हाल में जीत की दरकार है और ऐसे में यह देखना होगा कि रोहित इस मैच के लिए उपलब्ध रहते हैं या नहीं। वैसे अगर मुंबई को अगर वापसी करनी है तो उसके सभी खिलाड़ियों को अपना योगदान देना होगा। मुंबई ने पिछले 13 सत्र में पहली बार अपना शुरुआती मैच जीता था लेकिन इसके बाद उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। मुंबई इंडियंस का पावरप्ले में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसे इस क्षेत्र में काम करने की जरूरत है। उसने चार मैचों में केवल तीन विकेट लिए हैं।



अभ्यास सत्र के दौरान रोहित शर्मा (मध्य)। एजेंसी

### रोहित शर्मा का आज खेलना संदिग्ध

**मुंबई:** मुंबई इंडियन्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में रोहित शर्मा की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है जबकि बुधवार को इस सीनियर बल्लेबाज ने यहां हल्का अभ्यास किया। पिछले रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच के दौरान मुंबई इंडियन्स की पारी के छठे ओवर में रोहित को अपने पैर की मांसपेशियों में परेशानी महसूस हुई थी जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे। बुधवार को मुंबई इंडियन्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान टीम के एक अधिकारी ने कहा मेडिकल टीम और कोचिंग स्टाफ उनकी जांच कर रहे हैं और हमें जल्द ही पता चल जाएगा।

### टीम

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक, दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रयान रिकेलटन, शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सैंटनर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, गजनफर, मयंक मार्कंडे, मो. इज़हार, रघु शर्मा।

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, कूपर कोनोली, मार्को यानसन, मुशीर खान, मिशेल ओवेन, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, बेन द्वारशुइस, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विशाल निशाद, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर।

### चमकी किस्मत

अफगानिस्तानी बाएं हाथ के स्पिनर को शुरुआती चार मैचों में मिल सका था सिर्फ एक विकेट

# धोनी से बातचीत के बाद नूर ने किया मैच जिताऊ प्रदर्शन

चेन्नई, एजेंसी

महेंद्र सिंह धोनी भले ही चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अभी तक नहीं खेल पाए हैं लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के प्रदर्शन में उनका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है जिसकी एक बानगी स्पिनर नूर अहमद के कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच विजेता प्रदर्शन में देखने को मिली। अफगानिस्तान के बाएं हाथ की कलाई के स्पिनर नूर इस मैच से पहले तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और उन्होंने चार मैचों में केवल एक विकेट लिया था। लेकिन नेट पर अभ्यास के दौरान धोनी से लंबी बातचीत के बाद उनके खेल में बदलाव देखने को मिला।



उन्होंने केकेआर के खिलाफ चार ओवरों में 21 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने बीच के ओवरों में अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह और कैमरन ग्रीन के विकेट लेकर सीएसके की 32 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। पिच से गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिल रही थी, लेकिन नूर बल्लेबाजों पर हावी होने में कामयाब रहे।

सीएसके के सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम ने नूर की मैच से पहले धोनी के साथ हुई बातचीत के बारे में बात की। धोनी पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण नहीं खेल पा रहे हैं। श्रीराम ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा विकेट से थोड़ी मदद मिल रही थी। आज उसकी गेंद की गति हवा में थोड़ी धीमी थी। गेंद पर साइड स्पिन ज्यादा थी और ड्रॉप भी ज्यादा था। इस पर वह काम कर रहा है। उन्होंने कहा धोनी ने अभ्यास सत्र के दौरान उनसे काफी देर तक बात की और उन्हें लेग अधिक ब्रेक करने के लिए प्रेरित किया। मुझे लगता है कि आज उससे मदद मिली और इसके परिणाम सबके सामने हैं। श्रीराम ने वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील हुसैन और नूर के संयोजन पर भी बात की। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि वे एक-दूसरे के पूरक हैं। वे दोनों आपस में बहुत अच्छे से संवाद भी करते हैं। उनके बीच आपस में अच्छी समझ है। आज तो अकील ने ही नूर को सही लेंथ बताई। एक बार नूर को जब सही लेंथ मिल गई, तो उन्हें खेलना लगभग असंभव हो गया।

### क्या ग्रीन को ड्रॉप करना एक ऑप्शन है : फिंच

**चेन्नई।** पांच गेम। एक भी जीत नहीं। एक मैच बारिश की वजह से रद्द हो जाने से एक पॉइंट। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच को छोड़कर, जो आखिरी बॉल तक चला, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ऐसा नहीं लग रहा था कि वे आईपीएल 2026 में अपने कोई और मैच जीतेंगे। उनका पेस अटैक कमज़ोर हो गया है। उनके दो मेन स्पिनर में से एक आउट ऑफ फॉर्म है। उनकी बैटिंग में फायरपावर नहीं दिखता। और, जैसा कि आरोन फिंच ने कहा, मंगलवार रात चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उनकी कुछ टैक्टिक्स बहुत शक वाली थीं", भले ही सुनील नारायण के साथ बैटिंग ओपनिंग करने से पर्दे के पीछे कुछ सोच का पता चलता हो। लेकिन अगर यह जीत के लिए 193 रन के टारगेट पर होने और एक पॉजिटिव कदम के जवाब में था, तो अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने अपनी पार्टनरशिप में – 31 गेंदों में 50 रन – बहुत कम हिम्मत दिखाई। गेम के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट शो में फिंच ने कहा निश्चित रूप से यह अच्छा नहीं था। केकेआर के बारे में बहुत सारे सवाल हैं, खासकर उस रन चेज में।

# कोलकाता नाइट राइडर्स जितनी बिखरी हुई कोई भी टीम नहीं

- कोई भी कप्तान रहाणे जैसा बेखबर पहले कभी नहीं दिखा

नई दिल्ली, एजेंसी

अजिंक्य रहाणे के लिए हालात काफी अच्छे नहीं चल रहे और उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है जिसे संभवतः कोई खिलाड़ी सुनना नहीं चाहता। ऐसे कई मौके आए हैं जब टीमों की आईपीएल में शुरुआत बेहद खराब रही है, लेकिन कोई भी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स जितनी बिखरी हुई और कोई भी कप्तान इतना बेखबर पहले कभी नहीं दिखा। इसके अलावा बल्लेबाजी का अंदाज भी आईपीएल की शुरुआत के समय जितना ही पुराना है।

अभिषेक शर्मा और इशान किशन जैसे युवा खिलाड़ियों ने टी20 में बल्लेबाजी का अंदाज पूरी तरह से बदल दिया है और अब वैभव सूर्यवंशी ने तो इसे एक बिल्कुल ही नए स्तर पर पहुंचा दिया है। आयुष म्हात्रे और प्रियांश आर्य जैसे खिलाड़ियों को भी नहीं भूलना चाहिए। सैंतीस साल की उम्र में रहाणे के लिए अब इस बदलते खेल के साथ कदम मिलाना या अपनी बल्लेबाजी के तरीके को बदलना नामुमकिन सा है क्योंकि उनकी बल्लेबाजी का तरीका पिछले 20 वर्षों में बनी उनकी मसल मेमोरी (शारीरिक आदत) पर आधारित है। अब इस बात पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं कि रहाणे इस टीम के कप्तान कैसे बने रह सकते हैं जबकि एक बल्लेबाज के तौर पर भी उनकी जगह पक्की नहीं है। पांच मैच में रहाणे सिर्फ सात छक्के लगा पाए हैं लेकिन इससे भी अधिक हैरानी की बात यह है कि उन्होंने सिर्फ आठ चौके जड़े हैं। एक शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी के लिए जो या तो पारी का आगाज करता है या फिर तीसरे नंबर पर आता है उसके लिए इस स्तर पर हर मैच में औसतन तीन बाउंड्री लगाना बहुत बड़ी नाकामी मानी जाएगी। रहाणे का स्ट्राइक रेट भी 150 से कम है।

